हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025


तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 20.5 डिग्री


12 स्टेडियम का विधायक और कलेक्टर ने किया निरीक्षण





13 मंच संचालक समिति ने प्रधानपाठक विरेंद्र कुमार को किया सम्मानित






## खबर संक्षेप

### घर के बाहर खड़ी कार में लगी आग, केस दर्ज



**भिलाई।** बीएसपी के अधिकारी की कार को अज्ञात ने आग लगा दिया। सूचना पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 9, सड़क 14, मकान नंबर 6 बीएसपी अधिकारी के मकान के बाहर जाइलो कार खडी थी। अचानक कार में सुबह भीषण आग लग गई। जिला अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा अधिकारी एवं जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि खबर लगते ही दमकल टीमों को भेजा गया। टीम ने वहां पहुंचकर धू धूकर जल रहे कार पर पानी की बौछार की। कार में फैले आग को बड़े बहादुरी से कंट्रोल किया। घटना के कारण की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। इस दौरान अग्निशमन दल प्रभारी भगवती बंजारे, प्रवीण बारा, अग्निशमन कर्मचारी उमाशंकर, कुलेश्वर, योगेश्वर, राम सिंह मौजूद थे।

### दो लाख के गांजा के साथ दो गिरफ्तार



**भिलाई।** आरपीएफ दुर्ग ने पुरी से अहमदाबाद जा रही एक्सप्रेस ट्रेन से दो गांजा तस्करों को पुलिस ने पकड़ा है। तस्करों से 11 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 2 लाख 22 हजार रुपए आंकी गई है। आरपीएफ ने बताया कि लोहदा थाना जिला चत्रिकूट उत्तर प्रदेश निवासी समीर मोहम्मद शेख और 22 बारा गली कारगिल चौक कस्तूरबा चौक बिलासपुर राम विलास साहू को गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ ने दोनों आरोपियों को जीआरपी दुर्ग के हवाले किया है। मुखबिर की सूचना पर ट्रेन संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के पीछे के सामान्य कोच कोच उक्त दोनों आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनके पास से बैग से कुल 6 पैकेट गांजा का मिला। आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।
पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा को केसिंगा जिला कालाहांडी ओडिशा से खरीदकर नागपुर बेचने की तैयारी में थे।

## फोम की मखमली चादर से कश्मीर में बिछने वाली बर्फ जैसा एहसास...






**भिलाई।** यह खूबसूरत तस्वीर है, भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित फायर सेफ्टी ड्रिल की। बीएसपी प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाता है। इस बार भी अग्निशमन सुरक्षा को लेकर एक डेमोस्ट्रेशन का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। समारोह में अग्निशमन जवानों ने शानदार परेड, अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त अग्निशमन वाहनों, यंत्र तथा सुरक्षा उपकरणों के साथ-साथ छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण होने वाले अग्नि दुर्घटनाओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया। हाई एक्सपॉन्शन फोम की जानकारी दी गई। इस दौरान फैले फोम ने एक बार लोगों को कश्मीर में बिछी बर्फ की चादरों जैसा एहसास कराया, जिसे देखकर बच्चे खासे प्रफुल्लित नजर आए। दर्शकों के लिए सीढ़ी ड्रिल, अग्निशमन डेमो, गृह सुरक्षा, रसोई आग, पार्टी आग सहित रोचक अग्नि सुरक्षा ड्रिल का प्रदर्शन किया गया।

### आईपीएल में लग रही बेटिंग

## महादेव के बाद अब गजानंद सट्टे में करोड़ों का कारोबार

जेएम तांडी ▶▶| भिलाई

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



लंबे समय से ऑन लाइन महादेव सट्टे चलने के बाद अब पूरे प्रदेश में गजानंद एप अपनी जड़ें मजबूत कर रहा है। इसे लेकर महादेव सट्टा में सट्टा लगाने वाले सारे सटोरियों अब गजानंद एप में शिफ्ट हो रहे हैं। महादेव सट्टा एप को पूरी तरह बंद करने के लिए पुलिस, ईडी, सीबीआई, ईओड़ब्लू समेत कई एर्जेसियां सक्रिय हो गई हैं। पुलिस सूत्रों ने इस पूरे मामले का खुलासा किया है। महादेव सट्टा के बाद अब गजानंद एप पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। मिली जानकारी के मुताबिक 15 दिन पूर्व गजानंद सट्टा एप का खुलासा रायपुर में होने के बाद भिलाई-दुर्ग के सटोरिया इस एप का उपयोग कर रहे हैं। महादेव सट्टा कारोबारियों की पुलिस ने ऐसी घेराबंदी कि की सारा साम्राज्य खत्म होने की कगार तक पहुंच गया है। अब पुलिस के लिए गजानंद एप सिर दर्द बनता जा रहा है। आईपीएल क्रिकेट मैच के शुरू होते ही ऑनलाइन सट्टा का कारोबार भिलाई-दुर्ग में बेखौफ तरीके से चलता आया है। यह बात भी सामने आ रही है कि आईपीएल सट्टे में गजानंद एप का इस्तेमाल जमकर चल रहा है। शहर के पढ़े लिखे अधिकांश युवक ऑनलाइन महादेव सट्टा के कारोबार में शामिल होकर प्रतिमाह 40-50 हजार रुपए कमा रहें है।

### खाता किराए में चलाने वालों को 10-15 हजार मिल रहे

मिली जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन महादेव व गजानंद सट्टा एप के लिए करंट खाते की जरुरत होती है। जिसमें प्रतिदिन करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन होता है। इसके इस्तेमाल के लिए बैंक में खातों की दरकार होती है। खाता खुलवाने वाला दलाल ढाई लाख रुपए में काम उठाता है और कमजोर लोगों के नाम पर बैंकों में करंट खाते खोले जाते हैं। इसमें अधिकांश सब्जी बेचने, जूता चप्पल, पान ठेला चालने वालों के नाम पर खाता खुलता है। दलाल इन्हें 10-15 हजार रुपए देता है। प्रतिदिन लाखों में ट्रांजेक्शन होने से खाता कई बार फ्रीज हो जाया करता है। तब खाता धारक दलाल से संपर्क कर पुलिस में जाने की बात करता है तो दलाल उन्हें 20-25 हजार देकर मुंह बंद करा दिया करता है।

### बड़े कारोबारियों की हर माह लाखों की कमाई

सूत्रों ने बताया कि ऑनलाइन सट्टा पैनल चलाने वाले रुपए के ट्रांजेक्शन के लिए भिलाई-दुर्ग के कई बडे कारोबार अपना करंट खाता दे रखा है। इन्हें किराए पर चलाने वाले के एवज में 1-2 लाख रुपए दलाल द्वारा दिया जाता है। इनका खाता करंट होने से लाखों रुपए का लेनदेन करने में दिक्कत नहीं आती और फ्रीज होने का भी डर नहीं होता है। इसके कारण महादेव और गजानंद ऑनलाइन सट्टा ऐप के सटोरिया बडे कारोबारियों को अपने साथ रख खाते का इस्तेमाल करती आ रही है। भिलाई-दुर्ग के कई बड़े मोबाइल शॉप, कपड़ा दुकान, ज्वेलरी शॉप वालों का नाम प्रमुख रुप से आ रहा है।

### वैशालीनगर से क्रिकेट सटोरिया पकड़ाया

सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वैशाली नगर थाना क्षेत्र से ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा का कारोबार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 3 मोबाईल, एक फेडरल बैंक का एटीएम कार्ड, बाइक, नगदी 11 हजार 100 रूपए जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गुड चाय वर्मा डेयरी के पास वैशाली नगर में फकरूद्दीन उर्फ फक्कु नामक युवक के मोबाईल से ऑनलाईन सट्टा क्रिकेट के लिए रुपए लगाया जा रहा था। निजामी मंजिल के पास वृंदा नगर निवासी फकरूउद्दीन उर्फ फक्कु को गिरफ्तार किया है।



### "पुलिस की पैनी नजर, जानकारी मिलते ही होगी कार्रवाई

ऑनलाइन सट्टा के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्रवाई चल रही है। ऑनलाइन सट्टा महादेव और गजानंद का फिलहाल कोई मामला सामने नहीं आया है। पुलिस की पैनी नजर लगी हुई है। ऑनलाइन सटोरिए नहीं बख्शे जाएंगे।

**-जितेन्द्र शुक्ला,** एसपी दुर्ग

## पेट्रोल पंप के कर्मचारी के साथ मारपीट, आरोपी सीसी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पेट्रोल पंप में कर्मी की पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पुलिस में की गई है। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 115 (2), 296, 3(5)351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ओम शांति चौक स्थित पेट्रोल पंप के कर्मी सुभाष मार्केट स्ट्रीट 34 खुर्सीपार निवासी पी रामा राव ने10 अप्रैल को वो रोज की तरह पंप में वाहनों में तेल डाल रहा था। इसी दौरान पांच अज्ञात युवक अलग-अलग वाहनों पर पहुंचे। उसमें से एक युवक ने अपनी बाइक में 510 रुपए का पेट्रोल भरवाया। वाहन स्टार्ट कर जाने लगा। तब रामा राव ने उसे रोका और पैसे देने के लिए कहा। इससे युवक आक्रोशित हो गए और कर्मी के साथ गाली गलौज करने लगे। जब पंप कर्मी उसका विरोध करने लगा। तब युवकों ने दबंगई दिखाते हुए बाइक, स्कूटी को खड़ी कर रामा राव को पकड़कर हाथ के कड़े से मारना शुरु कर दिया। घटना में रामा बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना का सारा वीडियों पंप में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गया है।






#### 24 घंटे बीतने के बाद भी नहीं मिल पाई कोई भी जानकारी

## नहर में डूबे दो युवक, माता का प्रसाद भी परिजनों तक नहीं पहुंचा पाए, बेटी इंतजार में बिलखती रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

घर से बिलई माता के दर्शन कर लौटने की जानकारी देकर निकले दो दोस्त 24 घंटे बीतने के बाद भी अपने घर नहीं लौटे हैं। पूजा कर परिवार के लिए प्रसाद लेकर आने की बात युवकों ने कही थी। लेकिन नहर में डूबने से घर वापस लौटने की बात अधूरी रह गई। धनोरा के प्रहलाद यादव और आदर्श नगर कसारीडीह दुर्ग के नंद किशोर धुर्वे दोनों मंत्रालय रायपुर में अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। उनके साथ जाने वाला आकाश चंद्राकर मंत्रालय में दैनिक वेतन भोगी के रुप में कार्यरत है। तीनों युवक प्लान तैयार कर परिवार से बात कर माता की पूजा करने निकले थे। लेकिन दोस्तों को क्या पता था कि वापस लौटते समय तीनों जुदा हो जाएंगे। मिली जानकारी के मुताबिक प्रहलाद यादव और नंद किशोर धुर्वे दोनों नहर के बहते पानी को देख स्वयं को रोक नहीं पाए और नहर में उतर गए। वहीं आकाश फोन पर अपनी पत्नी से बात करने के कारण नहर में नहीं उतर पाया था। तीनों ने माता के दर्शन कर अपने-अपने घर के लिए प्रसाद भी लेकर आए थे। लेकिन नंद किशोर और प्रहलाद के साथ हादसा होने के बाद वे परिजनों तक प्रसाद भी नहीं पहुंच पाए। प्रहलाद की डेढ़ साल की बेटी अपने पिता को खोज रही है। मासूम के सिर से पिता का साया उठ गया है।



### तैरना नहीं आता था दोनों को

स्थानीय निवासी भानू जैन ने बताया कि प्रहलाद और नंद किशोर दोनों को तैरना नहीं आता था। इस तरह की घटना यहां पर 4-5 बार हो चुकी है। मैं खुद गांव में 40 साल से निवास करता हूं। रविवार की शाम को सूचना मिली तो आसपास के लोग जब तक बताते, तब तक दोनों बह गए थे। नहर के पानी का बहाव काफी तेज है। इससे पहले भी इसी तरह का हादसा हुआ था। उसमें भी शव बह गया था और काफी दूरी पर मिला था। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाटर लेबल 8 फीट है। शव पुल में फंसा होगा। पानी जैसे ही कम होगा दोनों के बारे में जानकारी मिल जाएगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में नहर नाली की अव्यवस्था

तांदुला जलाशय द्वारा नहर में पानी तालाबों को भरने के लिए गर्मी में छोड़ा जाता है। लेकिन विभाग द्वारा नहरों की मरम्मत किए बिना ही पानी छोड़ दिया जाता है। इस कारण अक्सर इस तरह की घटनाएं होती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में कई जगह नहर जीर्णशीर्ण हालत में है। नहरों की हालत यह है कि किनारों पर लगे सीमेंट टूट गया है।

### टीम जुटी हुई है

"सूचना मिलने के बाद तत्काल एसडीआरएफ के साथ मैं भी घटनास्थल पर पहुंचा। पानी का बहाव बहुत तेज है। अभी पानी भी बंद कराया गया है। करीब 2 घंटे में पानी का स्तर कम होने की संभावना है। सामान्यत: 24 घंटे बाद बॉडी ऊपर आ जाती है।

**-नागेन्द्र कुमार सिंह**
जिला सेनानी व अग्निशमन अधिकारी




नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

# पंचायतों में खुलेंगे डिजिटल सेवा केंद्र, बैंकिग से लेकर सभी काम होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आज जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इसके पश्चात कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से अटल डिजिटल सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया गया।

प्रत्येक जनपद से चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्देश्य ग्राम पंचायत कार्यालयों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित करना है, जहाँ ग्रामीणों को बैंकिंग, सरकारी प्रमाण पत्र (जाति, आय, निवास), पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम पंजीयन जैसी सेवाएँ निःशुल्क या निर्धारित दर पर मिल सकेंगी। पंचायतों को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) के लिए उचित बैठक की समुचित व्यवस्था, बिजली कनेक्शन और अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी होगी। साथ ही ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) की गतिविधियों की निगरानी की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत को दी गई है। किसी भी प्रकार की अनियमितता या अतिरिक्त शुल्क वसूली पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर जिले में हुआ डिजिटल क्रांति का आगाज़

### पंचायत एंबेसडर को किया सम्मानित


प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत कार्यरत पंचायत एंबेसडरों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। साथ ही जिन पंचायतों में एंबेसडर नियुक्त नहीं थे, वहाँ गोलू चंद्राकर (पाटन मंडल) एवं शिवा निषाद (अंजोरा मंडल) को नया पंचायत एंबेसडर (आवास साथी) नियुक्त किया गया। अभियान का दूसरा चरण 20 से 28 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें ग्राम नोडल अधिकारी व सर्वेक्षक द्वारा घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। तत्पश्चात 29 व 30 अप्रैल को सर्वेक्षण पूर्णता प्रमाण पत्र तैयार कर जिला कार्यालय को भेजा जाएगा।




### पीएम आवास में छूटे हितग्राहियों का जुड़ेगा नाम

आगामी 15 से 30 अप्रैल तक चलने वाले "मोर द्वार साय सरकार" विशेष पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजना के हितग्राहियों को प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही भू-जल स्तर को लेकर लोगों को जागरूक किया गया और वाटर हार्वेस्टिंग हेतु संकल्प भी दिलाया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत "आवास प्लस 2.0" के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक 'मोर दुआर-साय सरकार' महाअभियान के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन शुरू किया गया है। इस पखवाड़ा का उद्देश्य स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्व की आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ देना है।

## खबर संक्षेप



### आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

दुर्ग। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम के आयुक्त सुमित अग्रवाल लगातार शहर के वार्डों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड 26 एवं 27 में साफ-सफाई व्यवस्था का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति और सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया। शहर को स्वच्छ बनाने उन्होंने नागरिकों से फीडबैक और उनसे सुझाव भी मांगे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और सफाई व्यवस्था को और भी सुधारा जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम को स्वच्छता और सफाई के लिए नागरिकों का सहयोग चाहिए और वे सभी मिलकर एक स्वच्छ शहर बना सकते हैं। आयुक्त ने सड़कों एवं नालियों की सफाई का जायजा लेते हुए गलियों की टूटी-फूटी नालियों के मरम्मत के निर्देश दिए। इस दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, हरिशंकर साहू, परमेश्वर, शशि यादव, ईश्वर साहू, गौतम, विनीत वर्मा, राजू सिंह आदि मौजूद रहें।

### हिंदू युवा मंच ने किया रैली का स्वागत



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग द्वारा युवा सेवा संघ द्वारा उजाला भवन के पास हिन्दू युवा मंच की रैली का स्वागत किया। शर्बत छाछ और चने प्रसादी का वितरण भी किया। सदगुरू संत आशाराम बापू की अवतरण दिवस की बधाई भी दिए। साधकों द्वारा विश्व सेवा सप्ताह दिवस के रूप में जगह जगह भंडारा सेवा की जा रही है। सभी साधकों ने हिन्दू युवा मंच की रैली की झांकी का लाभ लिए।

### शिकायतें सुनने टोल फ्री नंबर फिर से शुरु

दुर्ग। कलेक्टर कार्यालय दुर्ग में संचालित सारथी कॉल सेंटर का टोल फ्री नंबर 1800 233 0788 चालू कर दिया गया है। इस टोल फ्री नंबर के माध्यम से नागरिक कार्यालयीन समय में बिना किसी शुल्क के अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं।

## विडंबना : धान उठाने में दिखा रहे चुस्ती, लेकिन चावल देने में खराब रिपोर्ट

# मिलिंग कराने के बजाय संग्रहण केन्द्रों में 18 सौ करोड़ का धान डंप

### उपार्जन के बाद संग्रहण केंद्र में सूखेगा धान, करोड़ों के नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पिछले साल सोसायटी से सीधे मिलरों को कस्टम मिलिंग के लिए धान जारी किया गया था। लेकिन इस बार सोसायटी से संग्रहण केन्द्र में करीब 18 सौ करोड रूपए का धान डंप कर बडे घोटाले को अंजाम देने की तैयारी है। ऐसी उम्मीद थी कि सोसायटी से धान उठने के बाद सूखत की रिपोर्ट सामने नही आएगी। लेकिन दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले के साठ लाख क्विंटल धान संग्रहण केन्द्र में डंप कर रखा गया हैं।

उपार्जन केन्द्रो से उठाए गए धान को संग्रहण केन्द्र में डंप कर सूखत के आंकडे पेश किए जाने की तैयारी हैं। यही नहीं इधर सोसायटियों में भी करीब 29 करोड के धान का अब तक उठाव नही होने से शासन को बडी राशि का नुकसान होगा। इधर कस्टम मिलिंग की भी पूरी तरह से धज्जियां उडाई जा रही हैं। दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले में भले ही राईस मिलरों से कस्टम मिलिंग के लिए एग्रीमेंट कर लिया गया है। लेकिन मिलरों को धान उठाने डीओ भी जारी नही किया जा रहा हैं। जिसके चलते संग्रहण केन्द्रों में डंप किया गया धान भगवान भरोसे है। बहरहाल मौसम खराब होने के कारण करोडों रूपए के धान के भीगने का भी खतरा बना हुआ हैं। जानकारी अनुसार दुर्ग के संग्रहण केन्द्र में पांच लाख 65 हजार क्विंटल धान डंप है, वहीं बेमेतरा में 28 लाख 3320 क्विंटल धान डंप है। वही बात करे बालोद में 26 लाख 22 हजार क्विंटल धान डंप किया गया है। इस तरह तीनों जिले में 60 लाख क्विंटल धान जाम है। जिसकी कीमत 1800 करोड रूपए से अधिक हैं।

**खास बातें**

- 18 सौ करोड़ के धान डंप
- कस्टम मिलिंग की चरमराई व्यवस्था
- नीलामी का हवाला, कोई दिशा निर्देश जारी नहीं
- पिछले साल बेहतर थी व्यवस्था


फाईल फोटो

### संग्रहण केन्द्रों में होंगे लाखों खर्च

पिछले दो साल से देखे तो संग्रहण केन्द्र बंद कर दिया गया था। सोसायटी (उपार्जन) से धान खरीदी के बाद मिलरों को सीधे डीओ जारी किया जा रहा था। जिसके चलते राज्य शासन को ट्रांसपोर्टिंग में होने वाला खर्च बच रहा था। लेकिन इस बार धान सोसायटी से फिर संग्रहण केन्द्र में डंप किए जा रहे हैं। तीनों जिले के दर्जनभर संग्रहण केन्द्रों में धान रखे गए है। यहां तीन दर्जन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे हर माह लाखों रूपए खर्च हो रहे हैं।

### दुर्ग में 53 लाख के जगह 14 लाख ही चावल

मार्कफेड द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों से एग्रीमेंट किया गया हैं। लेकिन एग्रीमेंट के अनुसार डीओ जारी नही किया जा रहा हैं। दुर्ग जिले में 154 राईस मिलर पंजीकृत हैं, यहां के मिलर दुर्ग और अन्य जिलों से कस्टम मिलिंग के लिए 133 लाख 67 हजार क्विंटल के धान का एग्रीमेंट कर चुके है। लेकिन उठाव के लिए मार्कफेड द्वारा सिर्फ 81 लाख क्विंटल का डीओ जारी किया गया है। जिसमें 79 लाख क्विंटल धान का उठाव हो गया है। उठाव के मुताबिक प्रति क्विंटल 67 किलो चावल जमा करना है। मिलरों को 53 लाख क्विंटल चावल जमा करना था। लेकिन अब तक सिर्फ 14 लाख 28 हजार क्विंटल चावल ही जमा किया गया है। यानि आधे से भी कम चावल हैं।

### बेमेतरा में 21 की जगह पांच लाख

दुर्ग के आलावा बेमेतरा जिले से कस्टम मिलिंग के लिए 94 लाख 67 हजार क्विंटल का एग्रीमेंट किया गया है। लेकिन डीओ सिर्फ 32 लाख 56 हजार क्विंटल का जारी किया गया हैं। इसमें मिलरों ने 32 लाख 56 हजार का उठाव कर लिया हैं। उठाव के अनुसार मिलरों को 21 लाख 82 हजार क्विंटल चावल जमा करना था, लेकिन सिर्फ 5 लाख क्विंटल का चावल जमा किया गया हैं।

### बालोद में भी मिलिंग का बुरा हाल

बालोद जिले में 112 लाख 61 हजार क्विंटल कस्टम मिलिंग के लिए एग्रीमेंट किया गया है। मार्कफेड ने सिर्फ 44 लाख 67 हजार क्विटल का डीओ जारी किया है। जिसमें उठाव 44 लाख 24 हजार क्विंटल का उठाव किया हैं। उठाव के लिए अनुसार मिलरों को 29 लाख 64 हजार क्विंटल चावल जमा करना था। लेकिन प्रशासन की हिलढुल रवैय्ये के कारण सिर्फ 7 लाख 86 हजार क्विंटल चावल जमा किया गया हैं।

**हडताल चल रहा**

"एफसीआई में जगह नही हैं, जिससे चावल जमा नही रहा है। नान में लगभग 70 फीसदी चावल जमा हो चुका है। वहीं एफसीआई के कर्मचारियों के हडताल पर होने से व्यवस्था बाधित हुई है। - **विनित जैन,** अध्यक्ष, जिला राईस मिल

**नीलामी होगी**

"संग्रहण केन्द्र में रखे गए धान की नीलामी की जाएगी। प्रदेशभर के संग्रहण केन्द्र में रखे धान की नीलामी के लिए टेंडर भी जारी हो गया हैं। **-रमेश शर्मा,** एमडी मार्कफेड

## स्पैरो ने किया साठ लाख का घपला, निगम मांग रहा रसीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम में टैक्स वसूली के नाम पर साठ लाख रूपए की गडबडी किए जाने के मामले में अब तक कोई कार्यवाही नही हुई है। निगम प्रशासन ने अपने रिकार्ड में कंपनी द्वारा साठ लाख रूपए की गडबडी किए जाने का उल्लेख किया है। इस मामले मामले में कार्यवाही के बजाय एक बार फिर करदाताओं से रसीद की मांग की जा रही हैं।

- फिर से शिविर लगाने की तैयारी, 15 से 21 अप्रैल

जानकारी अनुसार नगर पालिक निगम द्वारा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी की टैक्स वसूली से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक समाधान शिविर लगाया जाएगा। शिविर नगर निगम कार्यालय परिसर के टैक्स वसूली कक्ष में लगाया जाएगा। कमिश्नर सुमीत अग्रवाल ने बताया कि, उक्त शिविर में निगम के अलावा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान कंपनी द्वारा टैक्स वसूली के दौरान जमा कराई गई राशि, जमा कराई गई टैक्स की रसीद तथा अन्य सभी प्रकार के शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। इस तरह के किसी भी शिकायत की स्थिति में करदाता संबंधित दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित शिकायतों का निराकरण करा सकेंगे।




### एफआईआर का सिर्फ हल्ला

विगत दिनों नगरनिगम के सामान्य सभा में भाजपा के सत्ताधारी सदस्यों ने स्पैरों कंपनी द्वारा किए गए गडबडी को लेकर सार्वजनिक तौर पर एफआईआर किए जाने का प्रस्ताव पास किया था। लेकिन निगम प्रशासन ने अब तक कोई ऐसा कदम नही उठाया है। बल्कि दूसरी बार शिविर लगाकर करदाताओं से रसीद मांगी की जा रही है। जबकि नगरनिगम द्वारा किए गए जांच में कंपनी द्वारा आर्थिक अनियमितता किए जाने की पुष्टि हो चुकी हैं।

### जयंती पर भाजपाइयों ने किया नमन

दुर्ग। भारतीय समाज के सुधारक संविधान निर्माता और लेखक भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से निवृत्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू, अरविंदर खुराना, कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रवक्ता दिनेश देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रितपाल बेलचंदन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंत्री दीपक चोपड़ा, सहकार्यालय मंत्री अनूप सोनी, रजनीश श्रीवास्तव, गायत्री वर्मा, रितेश शर्मा, कमलेश फेकर, बंटी चौहान, मनमोहन शर्मा, महेंद्र लोढा, कौशल साहू सहित अन्य थे।

## रायपुर से बुलाना पड़ा टेक्निकल एक्सपर्ट, तब सुधरा फिल्टर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रायपुर नाका 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में स्थित विद्युत सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में आई बड़ी खराबी के चलते बघेरा पोटिया, बोरसी सहित शहर के 8 बड़ी टंकियों में पानी नहीं भर पाने के कारण रविवार सुबह व सोमवार सुबह पानी सप्लाई प्रभावित हुई। दुर्ग में टैक्निशियन नही होने के कारण रायपुर से तकनीकि जानकर को बुलाया गया। इस बीच चौबीस घंटे से अधिक समय तक पेयजल सप्लाई शहर में पूरी तरह से बाधित रही।

- विधायक और महापौर ने किया प्लांट का निरिक्षण

जिसे जल गृह विभाग के तकनीकी कर्मियों द्वारा विद्युत मंडल के सहयोग से 18 घण्टे की मशक्कत के बाद सुधार कर लिया हैं। इस दौरान जानकारी मिलने पर चल रहे रिपेयर कार्य का निरीक्षण करने आधी रात को महापौर अलका बाघमार जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन सहित अन्य एमआईसी सदस्य भी फिल्टर प्लांट पहुंचे वहीं सुबह विधायक गजेंद्र यादव भी पहुंचे थे। जिसे मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने सुधारने का प्रयास किया। अंत में रायपुर से विद्युत संबंधी तकनीकी जानकर को बुलाकर सोमवार सुबह 9 बजे फिल्टर प्लांट में शट डाउन कर सब स्टेशन में सुधार कार्य पूर्ण किया गया।



## केंवट निषाद समाज के वार्षिक सम्मेलन में 4 जोड़ों का आदर्श विवाह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला स्तरीय केंवट निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन ग्राम मड़ियापार बोरी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य देव राम भक्त नात्था केवट, महाराज गुहा निषाद राज, श्रीरामचंद्र के छायाचित्र की पूजा-अर्चना माल्यार्पण से हुई। पश्चात वार्षिक सम्मेलन में धूमधाम से 4 जोड़ों का आदर्श विवाह कराया गया। उपरांत समाज द्वारा शिक्षा साहित्य खेलकूद कला संगीत प्रतिभाओं को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक सम्मेलन में हजारों की जनसंख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा मार्तंड सिंह माझी, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, नेहरू निषाद, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, कोमल निषाद प्रदीप केवट शामिल हुए। डॉ घनश्याम निषाद, मंच संचालन बी आर निषाद एवं संतोष जलतारे ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन बिरेन्द्र निषाद ने किया। इस दौरान खिलावन केवट ओम प्रकाश निषाद संतोषी निषाद, थानेश्वर निषाद, शिव कुमार निषाद, अशोक निषाद, राजकुमार निषाद, रामसुख सरपे, रामचंद्र निषाद, विष्णु निषाद, छिन्छा राम निषाद, चोवा राम निषाद आदि मौजूद थे।

- विभिन्न क्षेत्र के प्रतिभाओं का भी किया सम्मान



### महापौर ने की पशुपतिनाथ मंदिर की सफाई, नागरिक भी हुए शामिल



दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर अलका बाघमार ने नागरिकों के साथ पशुपतिनाथ मंदिर परिसर की समुचित साफ सफाई के लिए नगर निगम का अमला जुट गया। रोजाना भक्तों की इस मंदिर में भीड़ भी जुटती है। श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए मंदिर के आस पास समुचित साफ सफाई कराने हेतु महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने स्वयं कमान संभाली। उनकी मौजूदगी में निगम के सफाई अमले ने साफ सफाई की। इस दौरान पार्षद श्रीमती नीलम शिवेंद्र परिहार, महिला मोर्चा महामंत्री जयश्री राजपूत, स्वेता ताम्रकर, ममता गिरूंग, सुरेश दीक्षित, करण करोसिया सहित अन्य मौजूद रहें। महापौर ने शहरवासियों को आश्वस्त किया कि मंदिरों के आस पास नियमित साफ सफाई का ध्यान रखा जाएगा।

## विधायक गजेन्द्र ने कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण

# स्टेडियम का विधायक और कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पंडित रविशंकर स्टेडियम में बनने वाले स्टेडियम के लिए अब जमीनी स्तर पर कार्य किए जाने की कवायद शुरू हो गई है। बीसीसीआई को जमीन हस्तांतरण को लेकर विधायक और कलेक्टर ने मौके का मुआयना भी किया हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही बीसीसीआई को मैदान हैंडओव्हर कर दिया जाएगा।

- अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम तैयार करने की कवायद शुरु

बीसीसीआई से मिले निर्देश के बाद सोमवार को विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित कई विभाग के अधिकारियो ने क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मापदंड के मुताबिक स्टेडियम निर्माण हेतु सभी पहलुओं का मौका मुआयना कर जमीन हस्तान्तरण करने कार्य में तेजी लाने निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि, विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयास से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से जिला प्रशासन को इस बारे में प्रस्ताव भेजा था। जिस पर जिला क्रीड़ांगन समिति की बैठक में दुर्ग के पंडित रविशंकर स्टेडियम को 33 साल की लीज पर बीसीसीआई को देने प्रस्ताव पारित किये थे। दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनने से दुर्ग नई ऊंचाई की ओर प्रगति करेगा। यहां का व्यापार बढ़ने के साथ ही स्थानीय नागरिकों को रोजगार भी मिलेगा।



### एसपी बंगला तक प्रभावित होंगे

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, दुर्ग में खेल अकादमी बनने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच भी होंगे। शहर के राजेंद्र प्रसाद चौक से लेकर एसपी बंगला चौक तक के क्षेत्र को चारो ओर से खेलगांव की तरह विकसित करने प्रशासनिक अधिकारियो के साथ प्रस्तावित स्थल का मौका मुआयना किया गया। ताकी बीसीसीआई के मापदंड के अनुरूप जमीन को हस्तान्तरित किया जा सके। स्टेडियम को विकसित करने कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे दुर्ग सहित आस पास के जिले के खिलाड़ियों को खेल का अच्छा वातावरण मिलेगा।

### प्रदेश का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम होगा

स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बीसीसीआई के एक्सपर्ट टीम तैयार करेगी। वर्तमान में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 40 हजार है। जिसे और बढ़ाया जाएगा। स्टेडियम परिसर से लगे हुए एरिया में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रनिंग पाथवे रहेगा। बीसीसीआई कार्यालय, प्रवेश द्वार, हॉस्टल, प्रैक्टिस एरिया सहित निर्माण होने वाले सभी पहलुओ का स्थल निरिक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित राजस्व निरीक्षक और पटवारी ने पूरे एरिया का नजरी नक्शा प्रस्तुत कर जमीन का ब्यौरा दिए। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के बाद ये प्रदेश का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बन जाएगा।

## होम्योपैथी दिवस: लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

डॉक्टर सैमुअल हैनिमैन के जन्म दिवस के अवसर पर विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। इसे लेकर दुर्ग जिले के होम्योपैथिक चिकित्सकों ने एक समारोह का आयोजन किया। जिसमें होम्योपैथिक चिकित्सकों ने अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों एवं अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर प्रो. डॉक्टर पीपी सिंह ने कहा कि सरकारी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए राज्य सरकार से निवेदन किया जाएगा, क्योंकि हर राज्य में सरकारी होम्योपैथिक कॉलेज सफलतापूर्वक चल रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से छत्तीसगढ़ में सरकारी होम्योपैथिक कॉलेज का प्रावधान नहीं रखा गया है। इस अवसर पर डॉ ममता राय, डॉक्टर शिंन्द्रे, डॉक्टर वीपी सिंह, डॉ एमएम तिवारी, डॉ एमपी सिंह सहित अन्य होम्योपैथिक चिकित्सक मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### नवोदय में चयनित बच्चों का किया सम्मान

**जामगांव आर।** ग्राम गातापार के छात्र किंशुक कुमार साहू पिता टोपेश कुमार साहू और छात्रा दीक्षीता साहू पिता विनोद कुमार साहू गातापार का चयन नवोदय के लिए हुआ। इन होनहार विद्यार्थियों को जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने साहू समाज बेलहारी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष टेसराम साहू, तहसील स्तरीय वरिष्ठ समाजसेवी खेमलाल साहू सहित अन्य समाजसेवियों की उपस्थिति में सम्मानित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किए।

### हनुमान जयंती पर बांटी खीर-पुरी



**अंडा।** ग्राम पंचायत अंडा भवन के सामने हनुमान जयंती के अवसर पर वार्ड वासियों ने आने-जाने वाले राहगिरों को खीर-पुरी प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान जयंती का शुभ मुहूर्त में पूजा पाठ सुंदरकांड हनुमान चालीसा महा आरती करके ग्रामीणों को महाप्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विजय लक्ष्मी कन्नौज, तरूण जैन, गौरव जैन, सुभाष जैन, राम खिलावन साहू, ओमप्रकाश साहू, बलदाऊ साहू, उमा सिन्हा, सृष्टि चंद्राकर, काजल सिन्हा, योगेन्द्र सिन्हा, खेमन साहू, सुनील, आदित्य चन्द्राकर, झलक सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## निधन

### सारिका गुप्ता

**धमधा।** धमधा निवासी वार्ड नंबर 5 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता



सारिका गुप्ता उम्र 43 वर्ष का निधन रविवार को शिवनाथ नदी के पास सड़क दुर्घटना के दौरान हो गया। वह धमधा निवासी सुरेश गुप्ता की पुत्री और दिलीप अग्रवाल की पत्नी थीं।

### रामगोपाल चंद्राकर



**जामगांव आर।** बोरवाय के पूर्व सरपंच रामगोपाल चंद्राकर उम्र 77 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार बोरवाय में हुआ। वे संतोष चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर के पिता थे।

### अशोक सिंह

**भिलाई।** क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के आजीवन सदस्य अशोक सिंह उम्र 65 वर्ष का निधन



14 अप्रैल को हो गया। वे फेफना बलिया उत्तर प्रदेश के मूल निवासी थे। उनका अंतिम संस्कार बलिया में गंगा नदी के तट पर पिपरा घाट में किया गया। वे पूनम सिंह के पति, अधिवक्ता अवधेश सिंह के छोटे भाई और क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के पूर्व अध्यक्ष दिग्विजय बहादुर सिंह के साले थे। वे अपने पीछे एक पुत्र दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

### सीएमएचओ ने कहा ड्यूटी काम में निजी क्लीनिक खोली तो होगी कार्रवाई

# पाटन स्वास्थ्य केंद्र के मरीज अधिक दामों वाली दवाइयां लेने हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में पदस्थ डॉ. कृष्ण कुमार डहरिया सामुदायिक केंद्र में ड्यूटी करने छोड़ निजी क्लीनिक में काम कर रहे हैं। पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अपने नाम और काम से पहचाने जाने वाले सामुदायिक केंद्र में इस तरह से पदस्थ डॉक्टर का लापरवाही सामने आया है जिसके कारण अस्पताल में मरीजों को देखने छोड़ कर अपने प्राइवेट क्लीनिक में मरीज को बुलाकर इलाज कर रहे हैं। पाटन के स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन इस प्रकार की शिकायत मिलती जा रही है, लेकिन डॉक्टर को अपनी कमाई से मतलब है। स्वास्थ्य अधिकारी कुंभकर्णीय नींद में सोए हुए हैं। पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर द्वारा बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है लेकिन कार्यवाही करने में स्वास्थ्य अधिकारी पीछे हट रहे हैं। क्या राजनीतिक लोगों ने खुला छूट दे दिए गए हैं या लापरवाही के चक्कर में ये सब इसलिए तो जनहित का मुद्दा लगातार उठ रहा हैं और पाटन के स्वास्थ्य अधिकरी का पोल खोल रही है। नाम नहीं उजागर करने पर एक मरीज ने बताया कि हम लोग गरीब है साहब, पाटन के स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज करवाने आए है लेकिन डॉक्टर अपनी प्राइवेट क्लीनिक में ईलाज करवाने को बोला गया। यहां अच्छे से अपनी तकलीफ बता सकते हो और डॉक्टर द्वारा 200 रुपए फीस और 1600 रुपए का दवाई किशोर मेडिकल में लेने को बोला गया है लेकिन, जान है तो जहान है साहब हम लोग तो गरीब है दवाई तो लेना पड़ेगा ।

**सरकारी अस्पताल से डॉक्टर नदारद, मरीज परेशान**



### डॉक्टर मरीजों को भेज रहे किशोर मेडिकल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीजी कंपनी नामक एक दवाई सबसे महंगी मिलने वाली दवाई है और डॉक्टर द्वारा इसी कंपनी का दवाई लिख रही है इसीलिए तो डाक्टर अपनी कमीशन खोरी के चक्कर में मस्त है और मंडी काम्पलेक्स में स्थित किशोर मेडिकल ने गरीबों का हक मारकर मेडिकल संचालक द्वारा मोटी रकम कमा रही है। कभी एक्सपायरी दवाई मरीजों को देने की खबर तो कभी डॉक्टर नदारत मिलने की खबर रात के समय में पाटन के स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर को पूछने पर एक नर्स ने आपको क्या तकलीफ है, डॉक्टर के बारे में क्यों पूछ रहे हो, नाम नही बताएगी ऐसे बोलकर अपनी पल्ला झाड़ दिया।

### मैं पता करवाता हूं

“ ड्यूटी के समय में कोई भी डॉक्टर अपनी प्राइवेट क्लीनिक में नही बैठ सकता, अगर ड्यूटी के दौरान डॉक्टर द्वारा क्लीनिक में पाया गया तो उसके ऊपर तत्काल कार्रवाई होगी, पीजी कंपनी नामक दवाई मंहगी है मरीजों को महंगी दवाई नही लिख सकते हैं। अगर ऐसी बता है तो मैं पता करवाता हूं।

**डॉ. मनोज कुमार दानी,** सीएमएचो दुर्ग

## मंच संचालक समिति ने प्रधानपाठक विरेंद्र कुमार को किया सम्मानित



**पाटन।** मंच संचालक समिति 'अभिव्यक्ति मंच' के तत्वावधान में अभिव्यक्ति महोत्सव कार्यक्रम बालोद जिला के ग्राम कनेरी में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मंच संचालक समिति के संयोजक चंद्रशेखर परगनिया, प्रांतीय अध्यक्ष गणेश यदु, उपाध्यक्ष सोहनलाल साहू एवं तकनीकी संयोजक राजेश कुमार साहू, नन्हा शायर ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे व्यक्तियों को सम्मानित किया। इसी कड़ी में विरेन्द्र कुमार साहू प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी विकास खंड-पाटन को शिक्षा, सेवा, समर्पण, समाज में सकारात्मक योगदान एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए कुशल वाकपटु 'कोंपलें सृजनकर्ता' सम्मान से सम्मानित किया गया। अतिथि की उपस्थिति में साहू को सम्मान पत्र, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। साहू एक नवाचारी शिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए विद्यालय एवं बच्चों की गुणवत्ता लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। हाल ही में साहू ने सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से विद्यालय में मां सरस्वती मंदिर निर्माण, स्मार्ट क्लास, सीसीटीवी कैमरा, माइक सेट, कीचन गार्डन, पंखा, दरी, वॉटर कैंपर, घड़ी, खेल सामग्री इत्यादि कार्य विद्यालय एवं बच्चों के विकास के लिए किये हैं।

## हनुमान भक्तों ने निकाली शोभायात्रा, अखाड़ा समिति ने करतब दिखाकर लोगों का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

कुम्हारी नगर में शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। भक्तों द्वारा नगर के प्रत्येक बजरंगबली मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना किया गया। वहीं श्री राम प्रभु के भक्त हनुमान से जीवन में कष्ट क्लेश दूर करने शक्ति, साहस और सफलता हासिल करने के लिए सच्ची श्रद्धा से आशीर्वाद मांगा गया। इस अवसर पर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद कुम्हारी प्रखंड द्वारा वार्ड क्रमांक 18 से श्रीराम व हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कांजी हाऊस स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर समिति के द्वारा आयोजित रैली में संयुक्त रूप से शामिल होकर एक विशाल शोभायात्रा में तब्दील हो गया। जिसके बाद यात्रा को कांजीहाउस से प्रारंभ कर बाजे-गाजे के साथ स्टेशन चौक से होते हुए बाजार चौक बस्ती ले जाया गया जहां हनुमान भक्तों व विशाल शोभायात्रा में शामिल लोगों का कई स्थानीय समितियों एवं नगरवासियों ने चना मूंग का प्रसाद व शरबत बांटकर स्वागत किया। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों के जय जय राम जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष नारों से नगर गूंज उठा। भक्त डी जे व धुमाल के धुनों में नाचते हुए आगे बढ़े जहां उनका स्वागत नगरवासियों ने फूलों से किया। पूरी यात्रा के दौरान श्रीराम लक्ष्मण व हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही यही नही शोभायात्रा में लोककला सुआ नृत्य समिति की बहनों ने व लोक



■ मंदिर समितियों ने भोग भंडारा का किया आयोजन, भक्तों ने मांगा आशीर्वाद

अखाड़ा एवं करतब दल के साथियों ने अपने नृत्य व करतब से भक्तों व दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मंदिर समितियों द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा का नेतृत्व कुम्हारी नगर बजरंग दल संयोजक कुणाल शर्मा एवं भाजपा पार्षद प्रवीण राव के द्वारा किया गया जिसमें बजरंग दल के कार्यकर्ता मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की महिलाएं भी शामिल हुई। शोभायात्रा में प्रदेश के मंत्री घनश्याम चौधरी, विभाग संयोजक राकेश रामलोचन तिवारी, रायपुर विभाग संयोजक रवि वाधवानी, दुर्ग जिला अध्यक्ष मनीष बुचासिया, कुम्हारी नगर अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, अनिल निखाड़े आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



■ तीन चरणों मे संम्पन्न हुआ शैक्षणिक भ्रमण

पीएम श्री सेजस कुम्हारी में शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को क्रमशः तीन विशेष स्थानों का भ्रमण कराया गया । प्रथम शैक्षणिक भ्रमण 8 अप्रैल को कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक के 327 बच्चों को रायपुर के शदाणी दरबार, मुक्तांगन एवं साइंस सेंटर रायपुर का भ्रमण कराया गया जिसमें बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास उल्लास से सभी चीजों का अवलोकन किया। साइंस सेंटर में बच्चों ने विभिन्न साइंस के मॉडलों को देखा एवं नए-नए चीजे सीखी। भ्रमण में बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था एवं सुविधाजनक बस की व्यवस्था की गई थी जिनके साथ लगभग 10-15 मिडिल और प्राइमरी शिक्षकों की देख रेख में यह भ्रमण संपन्न हुआ। द्वितीय भ्रमण 10 अप्रैल को महामाया मंदिर रतनपुर का हुआ जिसमें 230 विद्यार्थी शामिल हुए बच्चों को कबीरधाम एवं दामाखेड़ा के दर्शन कराया गया , जिसमें बच्चों ने कबीर पंथ के विषय में विस्तृत जानकारी ली इस भ्रमण में विद्यालय की प्राचार्य लता रघुकुमार एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए। तृतीय भ्रमण 12 अप्रैल को ऐतिहासिक स्थल राजीव लोचन, चम्पारण मंदिर, कुलेश्वर महादेव मंदिर एवं राजिम रहा जिसमें 372 छात्राएं एवं प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे। ऐतिहासिक स्मारकों एवं धार्मिक स्थलों के बारे में बच्चों ने बहुत सारी जानकारी एकत्र किया एवं सारी जानकारी को अपने नोटबुक में परियोजना के रूप में लिखा और सभी शैक्षणिक भ्रमण को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया गया।

## तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव 20 को

**अंडा।** तहसील स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव नवनिर्मित भवन की पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 20 अप्रैल को ग्राम कोनारी में होगा। भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती के पावन अवसर पर तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ कुथरेल एवं स्थानीय साहू समाज कोनारी के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव, नवनिर्मित भवन का पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान का आयोजन किया 20 अप्रैल को किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ एवं पूर्व गृहमंत्री छग शासन ताम्रध्वज साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नंदलाल साहू, अतिविशिष्ट अतिथि पूर्वमंत्री छग शासन रमशीला साहू, पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छग शासन दीपक ताराचंद साहू, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग राजेन्द्र साहू, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छग खिलावन सिंह साहू, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छग राजेश साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग दिव्या कलिहारी, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग कृष्णा प्रसाद साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य दुर्ग श्रद्धा साहू, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य दुर्ग प्रिया साहू, नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पंचायत उतई सरस्वती नरेन्द्र साहू, नवनिर्वाचित जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्ग राकेश हिरवानी आदि उपस्थित होंगे।

■ कोनारी में नवनिर्मित भवन की पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह

### डॉ. अम्बेडकर जयंती पर की पुष्पांजलि अर्पित

## भारतीय संविधान देश की संस्कृति, परंपरा व इतिहास का आईनाः ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 से 14 अप्रैल संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में सोमवार को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रुआबांधा बस्ती, वार्ड 2 आजाद चौक व स्टेशन मरोदा वार्ड 17 अंबेडकर चौक में संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होने धार्मिक स्थलों, चौक-चौराहों, मंदिर का साफ-सफाई किया। वहीं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा भारतीय संविधान के महानायक, उत्कृष्ट कानूनविद बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान जैसे पवित्र ग्रंथ का निर्माण कर संपूर्ण भारतवासियों को स्वतंत्रता, समरसता के साथ जीने का अधिकार दिया। उनका संविधान देश की संस्कृति, परंपरा और इतिहास का आईना है। डॉ. भीमराव अंबेडकर की समृद्ध विरासत का प्रसार कर दुनिया को सशक्त संदेश देने का कार्य आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। इस अवसर पर रिसाली मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, महामंत्री दशरथ साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, राकेश त्रिपाठी, आशपुरण चौधरी, प्रवीण सिंह राजपूत, वार्ड पार्षद टीकम साहू, शिला नालखड़े, सारिका साहू, कंचन सिंह, स्वेता यादव, करुणा यादव, आकाश कुलश्रेष्ठ, प्रेमचंद साहू, मोहनलाल यादव, मोहन, अजीत परिहार, सुकचंद गजबीर, रेखा कामड़े, डॉ. उदय, ऊषा साहू, अशोक यादव, सविता, भाजयुमो रिसाली मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### सुशासन तिहार में समस्याओं का हो रहा समाधान



**उतई।** सुशासन तिहार से लोगों की समस्याओ, मांग और शिकायतों का समाधान हो रहा है। सुशासन तिहार को लेकर जिले के गांव एवं ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग आवेदन लेकर उत्साहपूर्वक जमा किए हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी लोग अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आशान्वित दिखे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार आम जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्या के निदान करने की दिशा में कार्य कर रही है। जिले के सभी गांव व ग्रामीण में लगभग 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं जिले की जनपद पंचायतों में एक लाख से ज्यादा आवेदन मिले हैं। गौरतलब है कि सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में हो रहा है। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए हैं। अब दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरी एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। समाधान शिविरों की सार्थकता को बताते हुए गांव के सरपंच करण कुमार सेन ने कहा कि 8 अप्रैल से शुरू सुशासन तिहार में लोगों की समस्या का निराकरण हो रहा है।

### देश सेवा कर लौटे आशीष का किया सम्मान



**सेलूद।** पाटन ब्लाक के ग्राम सेलूद निवासी आशीष कुमार शर्मा ने अपने गांव से देश सेवा के लिए वायु सेना में लगातार 20 वर्षों तक देश की सीमाओं में सफलतापूर्वक देश सेवा कर वापस अपने घर लौटने पर ग्रामवासियों ने बजरंग चौक सेलूद के हनुमान मंदिर से ग्रामीणजनों द्वारा फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। फिर डीजे में देशभक्ति गीतों के साथ सेलूद स्वागत सम्मान रैली से ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर नाचते हुए उनके घर तक ससम्मान पहुंचाया गया। घर के पास सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें घर परिवार व मुहल्ले ग्राम वासी व जन्मभूमि कर्मचारी सेवा समिति के सदस्यों द्वारा शाल श्रीफल, प्रतीक चिन्हों व गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा कि आशीष बचपन से ही खेल व पढ़ाई में बहुत अच्छे थे। उसी का परिणाम है कि उनका चयन वायु सेना में हुआ और उन्होंने बड़े ही निष्ठा व ईमानदारी से सफलतापूर्वक बीस वर्षों तक देश की सेवा कर अपने परिवार, गांव प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा ने कहा कि आशीष की माँ ने अपने बच्चे को जो संस्कार दिया है उसी का परिणाम है का वह निष्ठापूर्वक अपने कर्त्तव्य को पूरा करके आज अपने गाँव लौटा है। सभा को ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, उनकी मां नमिता शर्मा ने संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन अनिल बनपेला व आभार प्रदर्शन बलराम वर्मा ने किया। इस अवसर पर सरपंच खिलेश मारकंडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, उपसरपंच राकेश साहू, जवाहर वर्मा, सुरेन्द्र बंछोर, नमिता शर्मा, दानेश्वर वर्मा, रामनाथ यादव, बलराम वर्मा, कीर्तन देवांगन, लक्ष्मी नारायण साहू, हिरेन्द्र साहू, बिट्टु साहू, रमेश चक्रधारी, राजेश देवांगन, मनोज देवांगन, रोमन दास वैष्णव, अनिल बनपेला, झम्मन यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कुपोषण के दुष्चक्र से निकलकर सुपोषित हुई फाल्गुनी



**अंडा।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग कुपोषण को दूर करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। अभिजीत सिंह कलेक्टर दुर्ग के नेतृत्व और राजकुमार जामुलकर जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला दुर्ग को सुपोषित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अजय कुमार साहू, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला दुर्ग ने बताया कि जिला दुर्ग में 77 ग्राम पंचायतों के कुल 247 आंगनबाड़ी केंद्रों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए 6 माह का सघन कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन की कार्यवाही किया जा रहा है। इसी अभियान की यह कहानी एकीकृत बाल विकास परियोजना पाटन जिला दुर्ग के कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत के रूप में चयनित आंगनबाड़ी केंद्र सांतरा केंद्र क्रमांक एक की बच्ची की है। फाल्गुनी साहू अब कुपोषण के कुचक्र से निकलकर सुपोषित होकर स्वस्थ्य तथा निरोगी है। पिता चुम्मन लाल साहू माता योगिता साहू की इकलौती संतान है। किंतु गर्भावस्था में थोड़ी समस्या के कारण बच्ची का वजन कुछ कम था और बच्ची लगातार मध्यम कुपोषित में ही बनी रही। बच्ची का वजन सितम्बर 24 में 9 किलो था। फिर कार्यकर्ता मीना शर्मा ने लगातार उसके घर जाकर माता, दादा और दादी को उसके पोषण स्तर की जानकारी दी ।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# अफसरों के लिए हैं चकाचक क्लब, कर्मियों के लिए जर्जर

## इस्पात क्लबों में मनोरंजन के साधनों के लिए तरस रहे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के क्लब तो चकाचक हैं लेकिन कर्मचारियों के क्लब सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। इस भेदभाव से कर्मचारी निराश हैं। यूनियनों ने उत्पादन में अधिकारियों के बराबर योगदान देने वाले कर्मियों के इस्पात क्लबों के कायाकल्प की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साठ के दशक में विकसित टाउनशिप में बीएसपी के अधिकारियों के लिए मनोरंजन से भरपूर सुविधाओं से लैस दो क्लबों का निर्माण किया गया था। । सेक्टर 8 मैदान में स्टील क्लब और जयंती स्टेडियम के निकट भिलाई क्लब है। इसी तरह कर्मचारियों के लिए सभी सेक्टरों में इस्पात क्लबों का निर्माण किया गया था। लेकिन आज दोनों वर्गों के क्लबों की सुविधाओं में बहुत फर्क है। अफसरों को दोनों क्लब के भवन आकर्षक और मनोरंजन की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण हैं लेकिन कर्मचारी अपने क्लबों में सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। सभी सेक्टरों के क्लब जर्जर हो चुके हैं। वहीं इनमें आज मनोरंजन को कोई सुविधा नहीं है। यूनियनों द्वारा पिछले कई साल से भवनों की मरम्मत के साथ अधिकारियों की तरह मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है लेकिन प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। इससे घंटों प्लांट में पसीना बहाने वाले हजारोंकर्मियों और उनके परिवार के लोगों को असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### अधिकारियों के क्लब मनोरंजन से लैस

अफसरों के दोनों क्लब सेक्टर आठ स्टील और जयंती स्टेडियम मैदान स्थित भिलाई क्लब में हर तरह के मनोरंजन की सुविधा है। इनमें स्वीमिंग क्लब, लान टेनिस व बैडमिंटन कोर्ट, टीवी सैट, बार आदि कई सुविधाएं हैं। दोनों क्लबों में समय समय पर पार्श्व गायकों के संगीत के कार्यक्रम भी होते रहते हैं। वहीं अधिकारी रिलेक्स यहां नियमित शाम को आते हैं। क्लब के भवन भी भव्य और पर्याप्त स्पेस है।

## खबर संक्षेप

### गौतम नगर में बेदखली का ढोंग कर रहे कांग्रेस के नेताः अरोरा

**भिलाई।** गौतम नगर वार्ड 42 में सीवरेज लाइन मेंटेनेंस और निर्माण के नाम पर अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर राजनीतिक तेज हो गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही



राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने एक दूसरे पर दोषारोपण शुरू कर दिया है। इस बीच निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र सिंह अरोरा जो पूर्व में कांग्रेस में थे, वर्तमान में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बेदखली का यह फैसला कांग्रेस की शहर सरकार का है। इसमें बाधित अवैध कब्जाधारियों की बेदखली कार्यवाही का निर्णय भी उन्ही का है। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने खुर्सीपार की जनता के झूठे हमदर्द बनने का दिखावा करने का प्रयास किया है। जबकि महापौर नीरज पाल और उनकी परिषद ने ऐसे फैसले लिए हैं। 8 सितंबर 2020 को 14 वें वित आयोग की ओर से 10 करोड़ रुपये की राशि जोन में सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट के लिए स्वीकृति की गई थी। तब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। शहर सरकार ने उस राशि को जोन 01, 02, और 03 में अन्य विकास कार्यों के लिए बांट दिया। जोन 01 में 269.08 लाख रुपये जोन 02 में 257.07 लाख रुपये और जोन 03 में 203.75 लाख रुपये दिए गए लाईन संधारण, निर्माण का फैसला लिया था।

### ट्रांसपोर्टनगर में हटाएं कब्जे

**भिलाई ।** औद्योगिक क्षेत्र से लगे हथखोज ट्रांसपोर्टनगर में बढ़ते अवैध कब्जों की कीमत ट्रासपोर्टरों और आम लोगों को चुकानी पड़ रही है। जगह जगह कब्जों से ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है और निगम के टैक्स का चूना भी लग रहा है। इस मामले में ट्रांसपोर्टर जल्द ही कलेक्टर और कमिश्नर से मिलकर कब्जे हटाने की मांग करेंगे। ट्रांसपोर्टनगर हथखोज के



विकास का काम चल रहा है। फेस वन और फेस टू में सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। ट्रकों और हाइवा आदि गाड़ियों के आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। ट्रक ट्रांसपोर्ट कल्याणएसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि ट्रांसपोर्टनगर के विकास से ट्रांसपोर्टरों को सुविधा होगी। लेकिन कब्जे बढ़ने से परेशानी बढ़ेगी। जल्द ही एसोसिएशन के पदाधिकारी भिलाई तीन चरौदा के कमिश्नर और कलेक्टर से मिलकर कब्जे हटाने की मांग करेंगे।

### कार की ठोकर से महिला की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। कार चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि वार्ड 5 गुप्ता पारा निवासी दिलीप अग्रवाल किसान है। 13 अप्रैल को पत्नी सारीका गुप्ता के साथ आंगनबाड़ी का विभागीय काम के लिए अपनी एक्टिवा सीजी 07 सीजी 3746 से दुर्ग गए थे। वापस पत्नी सारीका गुप्ता, बेटा वंश अग्रवाल के साथ धमधा आ रहा था। शिवनाथ नदी पुल को पार करते समय एक सफेद रंग जैसी कार का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

## अग्निशमन दिवस पर बीएसपी फायर ब्रिगेड विभाग ने की मॉकड्रिल

# जब धू-धू कर जलने लगा टेक्सटाइल मार्केट मची भगदड़, दमकल बेड़े ने बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

शहर के बीचो-बीच सोमवार को भारी भीड़ थी। बटुकलाल टेक्सटाइल मार्केट के मॉल में एक ही छत के नीचे आकर्षक डिजाइनर कपड़ों की महासेल में लोग जोरों से खरीददारी कर रहे थे। लेकिन इसी बीच मंगल ग्रह पर थ्री-बीएचके फ्लैट और लक्की ड्रॉ निकालने के लिए भोजपुरी कलाकार और गायक दिनेश लाल निरहुआ पहुंचे। उनके स्वागत के लिए लोग उमड़ रहे। इसी खरीददारों ने मॉल के सामने आड़े-तिरछे वाहन खड़े कर दिए। इसी बीच पार्किंग में शॉर्ट सर्किट से चिंगारी और धुएं के साथ डिजाइनर कपड़ों में लगी आग के बाद भगदड़ चीख-पुकार मच गई। टेक्सटाइल मार्केट धूं-धूं कर जलने लगा। लेकिन कुछ ही मिनटों में आगजनी पर काबू पाने के लिए सायरन बजाते हुए बीएसपी की फायर बिग्रेड वाहन पहुंच गए। फायर फाइटरों ने नोजल पाइप की बौछार से आग पर काबू पाया। साथ ही इस घटना में घायल हुए लोगों का रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया।

चौंकिए मत,कई लोगों को झुलसा देने वाली भीषण आग का दहशत जदा और राहत की घटना का यह दृश्य वास्तविक नहीं बल्कि भिलाई इस्पात संयंत्र के फायर ब्रिगेड विभाग के फायर फाइटरों के अग्निशमन प्रदर्शन (डिमास्ट्रेशन) का है। राष्ट्रीय अग्नि शमन सेवा दिवस पर आज 14 अप्रेल को फायर ब्रिगेड मुख्यालय परिसर में विभाग द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्निशमन जवानों ने अत्याधुनिक उपकरणों के साथ भंयकर आग को नियंत्रित करने का साहसिक प्रदर्शन किया। इसे देखने मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता और वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित थे। अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त अग्निशमन वाहनों, यंत्रों तथा सुरक्षा उपकरणों के साथ छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण होने वाले अग्नि दुर्घटनाओं और राहत व बचाव का आकर्षक प्रदर्शन किया। संयम, एकाग्रता और अनुशासन के परिचायक अग्निशमन जवानों का प्रदर्शन समारोह का विशेष आकर्षण रहा। जवानों ने गुढ़ियार रायपुर, ट्रांसफार्मर यार्ड, हाइवे और गुजरात में हुई भयंकर जानलेवा अग्नि दुर्घटनाओं की जीवंत प्रस्तुति से लोगों को जागरुक किया। दमकल बेड़े ने दिखाया कि किस तरह लापरवाही से एक छोटी से चिंगारी आग का कितना भंयकर रुप ले लेती है। और फायर फाइटर फायर ब्रिगेड वाहनों, अत्याधुनिक शमन उपकरणों, पानी, फोम और केमिकल की मदद से किस तरह अपनी जान पर खेलकर बीएसपी सहित अंचल में हादसों को कैसे नियंत्रित कर लोगों को सुरक्षित बचाते हैं।

### टीमवर्क से अग्नि दुर्घटना पर रोकथाम का किया आह्वान



### मुंबई डाकयार्ड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पूर्व में मुख्य अतिथि श्री दासगुप्ता ने, मुंबई डाक यार्ड में शहीद अग्निशमन वीरों को श्रद्धांजलि दी तथा जवानों की परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली । उन्होंने जवानों द्वारा राष्ट्र और संयंत्र के प्रति पूर्ण की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली। दर्शकों के लिए सीढ़ी ड्रिल, प्राथमिक चिकित्सा अग्निशमन डेमो, गृह सुरक्षा, रसोई आग, पार्टी आग, केबल सुरंग, ट्रांसफार्मर तेल आग और हाई एक्सपांशन फोम सहित जानकारीपूर्ण और रोचक अग्नि सुरक्षा ड्रिल का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, राकेश कुमार,डां. एम रवींद्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सीजीएम देबदत्त सतपथी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बीके महापात्रा, सेफी चेयरमैन व ओए के अध्यक्ष श्री एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित संयंत्रकर्मी एवं उनके परिवारजन उपस्थित थे।

### जागरुकता से शून्य दुर्घटना का लक्ष्य प्राप्त करेः दासगुप्ता

श्री दासगुप्ता ने अपने उदबोधन में कहा कि बीएसपी के भीतर व बाहर स्थित प्रत्येक विभाग व कार्यालयीन भवनों, स्कूल, चिकित्सालय आदि में स्थापित प्रत्येक अग्निसुरक्षा उपकरणों के समयबद्ध रखरखाव और उन्नयन कार्यों को नियमित रूप से करना चाहिए ताकि हम किसी भी दुर्घटना से निपटने हेतु पूर्णरूप से तैयार रहें। उत्पादन के साथ अग्निसुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। पूर्ण सावधानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के बावजूद वर्ष भर में कुछ न कुछ अग्नि दुर्घटनाएं हो ही जाती हैं । हमें अपनी सुरक्षा गतिविधि और सुरक्षा जागृति में वृद्धि करने के लिए और सार्थक प्रयास करने होंगे। अग्नि जागरुकता से शून्य दुर्घटना के लक्ष्यो की ओर बढ़ें। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने र अग्निसुरक्षा के महत्व और अग्निशमन जवानों का हौसला बढ़ाया। सीजीएम डी सतपथी ने स्वागत उद्बोधन दिया व मुख्य अग्निशमन अधिकारी बीके महापात्रा ने विभागीय विभाग का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अग्निशमनवीरों को सम्मानित और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। लीडिंग फायरमैन तिहारूराम भोरे तथा फायरमैन मानसिंह कोमा को सर्वश्रेष्ठ फायरमैन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी एसबी धवस और संचालन फायर स्टेशन ऑफिसर सारिका गहने, लीडिंग फायरमैन प्रमोद राठौर द्वारा किया गया।

## बंगाली दुर्गा पूजा स्थल पर बनेगा डोमशेड, काम शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

वार्ड 33-34 संतोषी पारा विवेकानंद कॉलोनी वीर शिवाजी नगर में बंगाली दुर्गा पूजा समिति एवं मोहल्लेवासियों के प्रयासों से डोमशेड का निर्माण किया जाएगा। इसे लेकर उनके द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी। इसका निर्माण शुरू किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, पार्षद शैलजा राजू, कैंप महिला मंडल उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज, मनीषा सिंह, ज्योती राजम, सुशीला, कपेश्वर बैजनाथ धाम मंदिर अध्यक्ष धनराजू, नरेश शील, संपत शर्मा, दिलीप शर्मा, छोटू, विशु, दीपक, धर्मेंद शर्मा धर्मेंद्र वैष्णव, सलीम, धर्मेंद्र चौधरी, बोलबम गुप्ता,अप्पू, विकास सिंह बृजेश चौधरी, कन्हैया गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## लखन लाल को मिला समाज रत्न ताराचंद साहू स्मृति सम्मान



**भिलाई।** जिला साहू संघ दुर्ग द्वारा मानस भवन दुर्ग में आयोजित जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव, समाज रत्न स्मृति सम्मान एवं नव निर्वाचित जन प्रतिनिधि समाज गौरव सम्मान समारोह में लखन लाल साहू को उनके सुदीर्घ कालीन उत्कृष्ट समाज सेवा हेतु पूर्व सांसद समाज रत्न स्व. ताराचंद साहू स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के हाथों उन्होंने सम्मान ग्रहण किया। लखन लाल साहू वर्तमान में प्राचार्य मोहलाई, महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर एवं छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन हैं। पूर्व में जिला साहू संघ दुर्ग के महामंत्री, उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं संयोजक के रूप में 30 वर्षों से समाज सेवा दे रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में राज्यपाल शिक्षक सम्मान से अलंकृत किए जा चुके हैं। उनके बहुमुखी प्रतिभा एवं उत्कृष्ट कार्यों हेतु यह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने किया। इस अवसर पर ताम्रध्वज साहू पूर्व गृह मंत्री, चंदूलाल साहू अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम, जागेश्वर साहू पूर्व मंत्री, गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प, राजेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष सहकारी बैंक, सुरेन्द्र कौशिक आदि मौजूद थे।

## पुरुषों की बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं और कानून के दुरुपयोग के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर में सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई। मेन्स राईट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा पुरुषों के अधिकारों के लिए पुरुष अधिकार आयोग बनाने और लगातार हो रहे अत्याचारों के विरोध में 19 अप्रैल को दिल्ली के जंतर मंतर पर सत्याग्रह फॉर मेन का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि अधिकारों के लिए, महिलाओं के लिए बने कानूनों के दुरुपयोग के विरुद्ध तथा पुरुष आयोग की मांग एवं पुरुषों के स्वास्थ्य व पुरुषों की बढ़ती आत्महत्या दर जैसे गंभीर विषय, कानून के दुरुपयोग को आवश्यक रूप से दंडनीय बनाने एवं लैंगिक भेदभाव वाले कानून में संशोधन करके जेंडर न्यूट्रल बनाये जाने का निरंतर कार्य करती रही है।

प्रेसवार्ता के दौरान मेंन्स राइट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने बताया कि शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना पुरुषों के साथ भी होती है। लेकिन उसके लिए कोई कानून का न होना, पुरुषों की सुनवाई के लिए किसी आयोग एवं मंत्रालय का न होना, पुरुषों के प्रति गंभीर असंवेदनशीलता को दर्शाता है। इन गंभीर मुद्दों के जवाब में, सेव इंडियन फैमिली मूवमेंट ने 19 अप्रैल को दिल्ली के जंतर मंतर पर सत्याग्रह फॉर मेन का आयोजन करेंगे। इस सत्याग्रह का उद्देश्य पुरुषों पर बढ़ रहे जागरूकता बढ़ाने, लिंग-पक्षपाती कानूनों को जेंडर न्यूट्रल बनाने, लिंग-पक्षपाती कानूनों के दुरुपयोग के लिए सख्त दंड और पुरुषों के मुद्दों को संबोधित करने के लिए राज्य एवं केन्द्र में पुरुष आयोग एवं मंत्रालय की स्थापना के लिए जोर देने के लिए किया जा रहा है। सेव इंडियन फैमिली द्वारा संचालित राष्ट्रीय पुरुष हेल्पलाइन नंबर के जरिए कई पुरुषों एवं उनके परिजनों को पिछले 10 वर्ष से बचाए जाने का कार्य किया जा रहा है तथा साप्ताहिक मीटिंग के जरिए उन्हें कानूनी सलाह एवं प्रेरणा दिया जाता है।



## तेरह सेक्टर आज भी विकास को तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- सेक्टर 5 की तरह होना था विकास

टाउनशिप के चकाचक सेक्टर पांच को मांडल मानकर इसी तरह सभी सेक्टरों का इसी तरह विकास किए जाने योजना चार साल बाद भी हवाहवाई साबित हो रही है। इसका खामियाजा अन्य सभी सेक्टरों के लोगों को को भुगतना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम भिलाई उदासीन बना हुआ है। गौरतलब हो कि चार साल पूर्व नगर निगम भिलाई के हुए चुनाव के बाद महापौर के शपथ ग्रहण समारोह में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने टाउनशिप को लेकर एक अहम घोषणा की थी। नगर निगम में शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री बघेल ने ऐलान किया था कि नवनिर्वाचित महापौर नीरज पाल के सेक्टर पांच को मांडल मानकर इसी तरह टाउनशिप के अन्य सभी सेक्टरों का विकास किया जाएगा। इसके बाद नगर निगम में एमआईसी भी भी इस योजना का प्रस्ताव बनाने का पार्षदों ने जोर दिया था। लेकिन अब तक परिणाम शून्य है।

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद के बाद यह घोषणा पूरी नहीं हो सकी है। इसके चलते महापौर का वार्ड तो सड़क, लाइट, उद्यान व सफाई के मामले में चकाचक है लेकिन अन्य सेक्टर समस्याओं से पिछले कई सालों से बजबजा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सभी सेक्टरों में बुनियादी सुविधाएं बदहाल होने से रहवासियों को परेशानी हो रही है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## कहा श्रम सुधारों को खत्म न करे सरकार, होगी बीस मई को अभा हड़ताल

# सीटू यूनियन ने किया बदलते श्रम कानूनों पर परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सीटू यूनियन द्वारा मौजूदा परिस्थितियों में बदलते श्रम कानून और भारत का संविधान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। डां. अंबेडकर के संविधान निर्माण और श्रमिकों के अधिकारों में योगदान पर चर्चा की। उनके श्रम सुधारों को याद कर इन्हें खत्म करने के सरकार के प्रयास के खिलाफ संघर्ष को तेज करने पर जोर दिया गया।

यूनियन कार्यालय में डां. अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर हुई परिचर्चा में यूनियन नेताओं ने कहा कि बाबा साहब ने 8 घंटे काम का कानून पेश किया था।पूरे विश्व में 8 घंटे काम को लेकर संघर्ष चरम पर था। उस समय भारत में बाबासाहेब ने मजदूरों के लिए काम के घंटों को 12-14 घंटे से घटाकर 8 घंटे करने का क्रांतिकारी कदम उठाया। इस समय श्रमिकों का शोषण चरम पर था। महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश एक्ट की नींव रखी, जिसके तहत महिलाओं को प्रसव के दौरान वेतन सहित मातृत्व अवकाश मिलना शुरु हुआ। यह आर्थिक सशक्तीकरण का प्रतीक भी है।



### न्यूनतम वेतन का कानून

बाबासाहेब ने मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन की अवधारणा को प्रोत्साहित किया, जो बाद में मिनिमम वेज एक्ट 1948 के रूप में लागू हुआ। उनका मानना था कि मजदूर की मेहनत का उचित मूल्य मिलना, सामाजिक न्याय का आधार है। समान काम के लिए समान वेतन की पैरवी करते थे। मजदूरों को संगठित होने और हड़ताल करने का अधिकार दिलाने में भा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीटू नेताओं ने कहा कि कोयला खदानों और अन्य उद्योगों में श्रमिकों के लिए कल्याणकारी निधियों की स्थापना की प्रेरणा दी। यह बाद में इम्पलायर प्रोविडेंट फंड (1952) जैसे कानूनों का आधार बना। उनका लक्ष्य था कि मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मिले। सीटू नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 29 श्रम कानून को खत्म कर 4 श्रम संहिताओं में बदलने के मजदूरों विरोधी फैसलों के खिलाफ संयुक्त रूप से 20 मई अखिल भारतीय हड़ताल का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया जिस पर पूरे देश में जोर शोर से तैयारी चल रही है ।



हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02



आईडीए ने किया रक्तदान जरुरतमंदों को मिलेगी राहत

**लाइव इवेंट**

## आश्रम में मनाई चैती पूर्णिमा साधकों ने की गुरु वंदना



■ श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा बेलौदी में आयोजन

**भिलाई।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में चैती पूर्णिमा और हनुमान जयंती का भव्य कार्यक्रम संत आशाराम आश्रम बेलौदी दुर्ग में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदन और हनुमान चालीसा से की गई। इसके बाद गुरु पादुका पूजन, बड़ दादा की परिक्रमा भी की गई। भगवान को माखन, मिश्री का भोग लगाया गया। भजन-कीर्तन व पाठ हुआ। अंत में सामूहिक हवन, आरती कर भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आश्रम परिसर में हरि ओम साधक परिवार के अलावा बेलौदी और चिखली गांव के भक्त भी शामिल हुए। समिति सदस्यों ने बताया कि आने वाले 19 अप्रैल दिन शनिवार को बेलौदी आश्रम परिसर में भव्य रूप से गुरु का अवतरण दिवस मनाया जाएगा।



**सिटी इवेंट**

## महाबोधि बोधगया का प्रबंधन अधिकार बौद्धों को दिए जाने उठी मांग

**भिलाई।** महाबोधि महाविहार, बोधगया जहां तथागत भगवान बुद्ध अपने कठिन साधनों से सम्यक सम्बुद्ध बने और अपने ज्ञान को पूरे संसार में फैलाकर शांति का संदेश दिया। जहां हिंदू अपने मंदिरों में, मुस्लिम अपने मस्जिदों में, क्रिश्चियन अपने गिरजा घरों में या चर्च में, सिख अपने गुरुद्वारा में,जैन लोग अपने जैन मंदिर (महावीर मंदिर) में पूजा अर्चना करते हैं, किंतु बोधगया में बौद्धों को यह अधिकार अब तक अप्राप्त है। इसे देखते हुए बौद्धों ने कहा कि महाबोधि महाविहार, बोधगया पूरे विश्व में बौद्धों का एकमात्र पवित्र स्थल है, जहां बौद्धों को पूजा करने का पूर्ण अधिकार नहीं है। यहां पर कुछ लोग अपना अधिकार जमा कर बैठे हैं। इसे देखते हुए इस मामले में उचित निर्णय लिए जाने की मांग की गई है। बुद्ध विहार समिति शंकर नगर दुर्ग के सदस्यों ने बताया कि बौद्धों के पवित्र स्थल महाबोधि महाविहार, बोधगया को बौद्धों के हाथों पूर्ण प्रबंधन अधिकार सौंपने हेतु उचित कदम उठाकर उक्त बौद्धों के पवित्र स्थल को बौद्धों को सौंपा जाए। इसे लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भी सौंपा गया है। उनके थाइलैंड दौरे पर रहने के दौरान बैंकॉक में गगन मलिक फाउंडेशन के बैनरतले उन्हें ज्ञापन सौंपा गया।

**सिटी इवेंट**

## महिलाओं ने किया सुंदरकांड का पाठ, शिवधाम से निकली शोभायात्रा




**भिलाई।** वायु पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव परिसर के शिवधाम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सबसे पहले महिलाओं के समूह ने सुन्दर काण्ड का पाठ किया। भजन-कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। महिला मंडली हुडको ने इसमें सहभागिता निभालाई। इसके बाद शिव धाम मन्दिर से शाम 5 बजेशोभा यात्रा निकली। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा गुजरी। बच्चों, महिलाओं व पुरुषों द्वारा सामूहिक शोभायात्रा में ढोल बाजो के साथ जय श्री राम का जयकारा लगाया गया। शिवधाम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना व आरती पं. कमलेश द्विवेदी ने की। पूजा के बाद परिसर के सम्पूर्ण नागरिकों ने महाप्रसाद भोग ग्रहण किया। इस अवसर पर महाबली रामेष्ट के जन्मोत्सव के अवसर पर सद्बुद्धि, आपसी सद्भाव व सदैव सन्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रियदर्शिनी परिसर विकास समिति के अध्यक्ष जेएन तिवारी, डॉ. एसपी त्रिपाठी, डॉ. बी सिंह, डॉ. गिरीश, सीआई भट्ट, बीके गुप्ता, शैलेन्द्र गुप्ता, विनोद शैल, अविनाश चौहान, एन चौहान, जीबी चौधरी, केके मिश्रा, गणेश ताम्रकार, संजय चतुर्वेदी, आरटी चौधरी, अखिलेश तिवारी, टीआर सोनी, महिला प्रकोष्ट से पूनम सिंह, भावना चतुर्वेदी, डॉ. मृदुला चतुर्वेदी, स्वाति साहू, ममता शर्मा, अंजली चौधरी, आभा सिन्हा, ममता शांडिल्य सहित अन्य मौजूद थे।

● बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर दुर्ग-भिलाई में जगह-जगह निकली

# बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक, उन्होंने देश के अंतिम व्यक्ति तो समानता का संवैधानिक अधिकार दिलाया, उनके विचारों को हर घर तक पहुंचाने की जरुरत

**भिलाई-दुर्ग। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को जगह-जगह कार्यक्रम हुए। दुर्ग में बुद्ध विहार शंकर नगर, बीजेपी कार्यालय, सौभाग्य कॉम्प्लेक्स नया बस स्टैंड में प्रमुख कार्यक्रम हुए। भिलाई में सेक्टर-6 स्थित सामाजिक भवन, कोसानगर, रिसाली सहित अन्य जगहों पर बाबा साहेब की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन में समाज के सभी प्रमुखजन, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। आने वाले समय में भी उनके विचार जन-जन को प्रभावित करते रहेंगे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बाबा साहेब के प्रयासों से ही देश के अंतिम व्यक्ति को समानता का संवैधानिक अधिकार मिल पाया। आज उनके विचारों को हर घर तक पहुंचाने की जरुरत है। इसे लेकर सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए, तभी हमारा लोकतंत्र मजबूत बन पाएगा।**

**दुर्ग ।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर बुद्ध विहार समिति शंकरनगर द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसके पहले बुद्ध विहार शंकरनगर में अंबेडकर जयंती पर सुबह पंचशील ध्वजारोहण कर डॉ. बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों और आदर्शों को याद किया गया। दोपहर बाद बुद्ध विहार शंकरनगर से डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े व समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने नीला ध्वज दिखाकर रवाना किया। यह शोभायात्रा बुद्ध विहार शंकरनगर से आर्यनगर, ग्रीन चौंक, सिंधी कॉलोनी, राजेन्द्र पार्क, नया बस स्टैंड, पटेल चौक, इंदिरा मार्केट, पोलसायपारा, हरनाबांधा होते हुए वापस बुद्ध विहार प्रांगण पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। ग्रीन चौक में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा के अलावा अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। पार्षद अजीत वैद्य (अजय) के नेतृत्व में भी शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बाबा साहेब के जीवन पर आधारित झांकियों के अलावा घोड़ा-बग्गी व डीजे आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर अशोक मड़ामे, केएन वासनिक, किशोर चौरे, संजय मेश्राम, राजकुमार फुले, विजय मेश्राम सहित अन्य मौजूद थे।







### छग बौद्ध महापंचायत ने केक काटकर मनाई खुशियां

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ बौद्ध महापंचायत के बैनरतले संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर सोमवार को सौभाग्य कॉम्पलेक्स नया बस स्टैण्ड से बाबा साहेब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पूरे शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए अंत में पुराना बस स्टैण्ड पहुंचकर सभा के रुप में तब्दील हुई। जहां मुख्य अतिथि पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने संगठन पदाधिकारियों व नागरिकों की मौजूदगी में केक काटकर बाबा साहेब की जयंती की खुशियां मनाई। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष भगवान दास जामुलकर, प्रफुल्ल राऊत, नागोराव वंजारी, घनश्याम लांजेवार, चुन्नीलाल रामटेके, गौतम गजभिए, प्यारेलाल बंसोड़, भावना जामुलकर मौजूद थे।

### भिलाई में खुलेगी नई लाइब्रेरी, टाउनशिप में जगह की गई तय



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन द्वारा कला मंदिर सिविक सेंटर में बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता ने प्रेरणा स्थल परिसर में डॉ. बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अधिकारी पवन कुमार भी मौजूद थे। डायरेक्टर इंचार्ज ने कहा कि वे एक कुशल विधि वेत्ता, जननायक, महान अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, महिला उद्धारक के साथ-साथ वे राष्ट्र निर्माता थे। उनकी अनमोल शिक्षा शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। हम सब के जीवन को बदल सकती है। हमें किसी की खीची हुई रेखा को छोटी करने की जरूरत नहीं बल्कि अपनी रेखा को बड़ी करने की जरूरत है। भिलाई जैसे शिक्षाधानी में डॉ अम्बेडकर जी के जीवन दर्शन को आम जनता समझ सके इसलिए डॉ अम्बेडकर पुस्तकालय एवं संग्रहालय निर्माण की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए जगह का चयन कर लिया गया है। इस अवसर पर बिपिन कुमार गिरि, एम रवीन्द्रनाथन, संदीप माथुर, नरेन्द्र कुमार बंछोर उपस्थित थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने भी विचार रखे। महासचिव विजय कुमार रात्रे ने सेक्टर-8 में जैतखाम निर्माण, शहीद वीर नारायण सिंह जयंती स्टेडियम में बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग को दोहराया। इस अवसर पर डॉ. चेतन लाल राणा को सामाजिक जागरूकता, एसोसिएशन में जनजातियों के बीच एकता स्थापित करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. आम्बेडकर अवार्ड से सम्मानित किया गया। एसोसिएशन की वार्षिक पत्रिका नया सवेरा का विमोचन किया गया।

### बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन संघर्ष की अनुपम मिसाल हैं : सुरेंद्र कौशिक



भारतीय समाज के सुधारक संविधान निर्माता और लेखक भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय दुर्ग में कार्यक्रम हुआ। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, दिलीप साहू, अरविंदर खुराना, दिनेश देवांगन, प्रीतपाल बेलचंदन उपस्थित रहे। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय समाज सुधारक समाधान निर्माता और लेखक थे। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ में हुआ था। वह दलितों के अधिकार के लिए संघर्ष करने वाले और एक मजबूत सामाजिक न्याय के समर्थक थे।

### बाबा साहेब सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व के प्रेरणा थेः भाटिया

आम आदमी पार्टी द्वारा अंबेडकर स्कूल मरोदा, आजाद चौक रिसाली, अंबेडकर चौक भिलाई, पंचशील नगर भिलाई-चरोदा में बाबा साहेब की जयंती मनाई। लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने कहा कि हमारी पार्टी ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के सिद्धांतों का हमेशा सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के बाद डॉ. अंबेडकर को संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्होंने भारतीय संविधान को एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी दस्तावेज के रूप में तैयार किया। संविधान में उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को मूल आधार बनाया। उन्होंने दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की, ताकि उन्हें समान अवसर मिल सके। उनका यह कार्य भारत के सामाजिक ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया। पार्टी के राज्य समिति सदस्य देविंदर भाटिया ने कहा कि हमें बाबा साहेब के उस भारत के सपने को साकार करना है, जहां हर किसी को बराबरी का हक़ मिले, और कोई भी जाति, धर्म या वर्ग के आधार पर पीछे न छूटे। कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश तिवारी, जसप्रीत सिंह, सतीश साहू, अजय रामटेके, पंकज तिवारी, राजेंद्र कुमार, मेना टांडी, राजेंद्र बाघ सहित अन्य मौजूद थे।



### डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती शोभायात्रा में शामिल हुए सांसद विजय बघेल



डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के अवसर पर सांसद विजय बघेल विभिन्न कार्यक्रमो में शामिल हुए। उन्होंने डॉ. आंबेडकर चौक में बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डॉ अम्बेडकर प्रतीमा प्रबंध राज्य स्तरीय जयंती मेला समिति अध्यक्ष सुनील रामटेके ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विशेष रूप से वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, देवेन्द्र यादव, असीम बेग, वर्षा वागडे, ज्ञान वागड़े मौजूद थे। समाज कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल साखरे, धनंजय मेश्राम, सिद्धांत ने बताया कि इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन किया गया, जिसमें सांसद विजय बघेल ने अपने हाथों से भोजन परोसा। सांसद विजय बघेल ने कहा कि इतिहास गवाह है उस समय की बड़ी जिम्मेदारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बाबा साहेब को दी। प्रेम बिहारी नारायण रायजाद वे शख्स हैं, जिन्होंने अपने हाथों से अंग्रेजी में संविधान की मूल कापी यानी पांडुलिपि लिखी थी। पूरे देश में आज ही के दिन 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। 1891 को मध्य प्रदेश के महू में दलित परिवार में उनका जन्म हुआ था। उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा। कांग्रेस ने हमेशा से ही उनको अपमानित किया। भाजपा ने हमेशा उनका सम्मान किया।

**भिलाई।** प्रज्ञा महिला मंडल संघ शांतिनगर कोहका की महिलाओं ने पांच रास्ता के पास सुपेला में मठा का वितरण किया। इस अवसर पर करुणा सहारे, प्रतिभा मड़पे, यशोदा शंभरकर सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

**भिलाई निगम ने फ्लाई ओवर, अंडरब्रिज सहित अन्य जगहों पर शुरू की पेंटिंग**

# अपना भिलाई सुंदर भिलाई...सुनहरी पेंटिंग से सज रहे शहर के चौंक-चौराहे, छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति उकेरी जा रही

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। नपानि भिलाई क्षेत्र के प्रमुख चौंक-चौराहे, फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे, अंडरब्रिज आदि जगहों पर आकर्षक पेंटिंग के जरिए शहर को सुंदर रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इसकी शुरुआत हो चुकी है। प्रमुख चौराहों को सुंदर बनाने के लिए छत्तीसगढ़, कला-संस्कृति और परंपरा से जुड़ी आकृतियों को पेंटिंग के जरिए उकेरा जा रहा है। खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कलाकारों द्वारा यह पेंटिंग किया जा रहा है।अधिकारियों ने बताया कि इस पेंटिंग की विशेषता है कि यह लंबी अवधि तक चलेगा और पानी से धुलाई कर देने पर पुन: नये जैसे दिखने लगता है।





### निगम की अपील, पेंटिंग वाली जगहों को न करें गंदा

निगम ने लोगों से अपील की है कि जिन जगहों पर पेंटिंग बनाई जा रही है, उन जगहों को गंदा न किया जाए। सेल्फी लेने के दौरान सावधानी बरती जाए। यातायात नियमों का पालन करें। कहीं भी गाड़ी खड़ी करके सेल्फी न लें, इससे दुर्घटना होने की संभवना बनी रहती है। नगर को साफ-सुथरा स्वच्छ बनाने में सामूहिक प्रयास जरूरी है। इस प्रकार ऐसी जगहों के आसपास कचरा न फेंके। पेंटिंग को खरोचकर खराब न करें। वर्तमान में नेशनल हाईवे से लगे हुए नेहरू नगर चैंक, ब्रिज के नीचे सुपेला चौंक, फ्लाई ओवर के खम्बों पर जन जागरूकता, पर्यावरण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, प्राकृतिक सौंदर्य आदि को प्रतिबिम्बित करते हुए बनाया गया है। इसके बाद सभी जोन के प्रमुख चौंक-चौराहो जहां पर उपयुक्त स्थल मिलेगा, वहां पर भी पेटिंग की जाएगी।

### शहर को बदरंग करने वालों पर निगम करेगा कार्रवाई




निगम आयुक्त ने आदेश जारी किया है कि शहर को बदरंग करने वालों पर कार्रवाई की जाए। सभी प्रकार के पोस्टर, बैनर लगाने वाली एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी व्यक्ति के कहने से कहीं पर भी बैनर, पोस्टर मत लगवाएं। ऐसी जानकारी मिलने पर एजेंसियों को कार्य का आर्डर मिलने पर उन्हीं के आदमियों द्वारा बैनर, पोस्टर लगाया जाता है। जब तक लिखित में निगम का आदेश बैनर, पोस्टर लगाने के स्थल का नहीं होगा। तब तक कहीं पर भी बैनर, पोस्टर लगाना नगर निगम अधिनियम 1956 के तहत अवैध है। सीधे एजेंसी के के खिलाफ एफआईआर की जाएगी। गुमाश्ता एवं ट्रेड लाईसेंस भी निरस्त किया जा सकता है।

## धर्म लाइव

# संजीवनी बूटी लाते उड़े हनुमान अघोरी नृत्य देखने उमड़े श्रद्धालु





**भिलाई।** प्राचीन बैकुंठधाम मंदिर विकास समिति नेवई मरोदा के तत्वावधान में हनुमान प्रकटोत्सव व महा महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन के अंतिम दिवस शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान खास आकर्षण का केंद्र संजीवनी बूटी लाने के लिए उड़ते हुए हनुमान जी और शिवजी का अघोरी नृत्य को देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। समिति द्वारा उड़ीसा के काला हांडी कटप्पा सहित 20 दल अपनी-अपनी प्रस्तुति देते हुए शोभायात्रा में चल रहे थे। डीजे की धुन, आदिवासी लोककलाकारों और विभिन्न तरह के करतब कलाकार पेश करते हुए इस शोभायात्रा में शामिल हुए। इस आयोजन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू,के सभापति केशव बंछोर, महापौर शशि सिन्हा, एकनाथ साहू, राजू जंघेल, समिति के संरक्षक व संयोजक शत्रुघन धनकर, अध्यक्ष भागवत प्रसाद बुंदेला, उपाध्यक्ष व पार्षद चंद्रप्रकाश सिंह निगम, सचिव निरजंन जैन, सहसचिव भूपेंद्र साहू, चिन्ना राव, नरेन्द्र चंद्राकर, परमेश्वर नाग, हेमंत राव उपस्थित थे। आयोजन के 15वें साल में हजारों श्रद्धालुओं ने भोग-भंडारा ग्रहण किया। दो दिवसीय आयोजन में भजन संध्या में हनुमान जी की भजन की प्रस्तुति हुई।

## रोटरी आंरभ-ज्ञान, सेवा और मित्रता का संगम, समापन दिवस रहा प्रेरणा से भरपूर

# समाज सेवा कर राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभा सकता है रोटरी बशर्ते हम कभी न रुकें और न डिगें, ऊर्जावान होकर विदा हुए रोटेरियंस

**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर द्वारा आयोजित दो दिवसीय आंरभ - मित्रता का कार्यशाला का समापन दुर्ग के रोमन पार्क में हुआ। यह आयोजन न केवल रोटरी की मूल भावना सेवा से पहले स्व" को सशक्त करता नजर आया, बल्कि भारत और विदेशों से आए रोटेरियंस को सामाजिक परिवर्तन के मार्ग पर सशक्त विचार और ऊर्जा से भी पूर्ण कर गया। इस दौरान मुख्य वक्ताओं में पूर्व रोटरी इंटरनेशनल निदेशक कमल सांगवी ने भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनाने में रोटरी की भूमिका पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि रोटरी सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त भूमिका निभा सकता है, बशर्ते हम कभी न रुकें, कभी न डिगें।

दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन रोटरी के 7 मूल उद्देश्यों को आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के तरीकों पर विशेष चर्चा हुई। डिस्ट्रिक्ट 3261 के मीडिया चेयरमैन नितिन जैन ने आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में पूर्व प्रांतपाल शशांक रस्तोगी और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (2025-26) अमित जयसवाल ने "कभी रुके न – कभी डिगे न कदम" का उद्घोष करते हुए सभी रोटेरियंस को फिर से जल्द मिलने का वादा कर विदाई दी।




**वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने में रोटरी की भूमिका पर महत्वपूर्ण**

### सेवाभाव से किया कार्य

इस कार्यक्रम में रोटरी असेंबली चेयर मयंक रोजिंनदार, को-चेयर अनंत अग्रवाल, निकेत मेहता, आशीष सुराना, संदीप अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल एवं डिस्ट्रिक्ट 3261 की प्रथम महिला ऐंस पल्लवी जयसवाल का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन पूर्वा रोजिनदार, तनुश्री अग्रवाल, प्रियंका लुनिया, स्नेहा गुलाटी, रिद्म सूरी, मधुलिका अग्रवाल, प्रेणना सुराना और आभार प्रदर्शन अजित खंडेलवाल द्वारा किया गया।

### बड़े स्तर पर सेवा परियोजनाओं को लागू करने की जताई इच्छा

नेपाल से आये वरिष्ठ रोटेरियन रोटे वासुदेव गोलियान ने अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहायता के माध्यम से डिस्ट्रिक्ट 3261 में बड़े स्तर पर सेवा परियोजनाओं को लागू करने की इच्छा जताई और नेपाल में संयुक्त आयोजन के लिए आमंत्रित भी किया। अन्य विशिष्ट वक्ताओं में मोहन पलेशा, उल्लास कुलाटकर, जेपी काबरा जैसे अनुभवी रोटेरियंस ने भी विचार साझा किया। रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर के अध्यक्ष रोटे संदीप अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी (25-26) सोमनाथ अग्रवाल तथा सुशील रामदास अग्रवाल ने मध्यप्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ व नेपाल से आये सभी रोटेरियंस का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।



## सिटी इवेंट

# बजरंग दल ने निकाली शोभायात्रा महाराष्ट्र मंडल ने किया पूजा-पाठ



**भिलाई।** छग बजरंग दल जिला दुर्ग-भिलाई के प्रखंड जेवरा, सिरसा, ननकट्टी, कैम्प प्रखंड कोहका, सुपेला प्रखंड द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य रूप से शोभा यात्रा निकाली गई। छग बजरंग दल के विभाग संयोजक रवि निगम ने बताया कि शोभा यात्रा के दौरान भव्य रूप से भंडारे का आयोजन भी किया गया था। अनेक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए थे।

### 21 बार हुआ हुआ चालीसा पाठ

महाराष्ट्र मंडल मालवीय नगर दुर्ग में हनुमान जयंती के कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने सपरिवार उपस्थित होकर 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। संस्था के सचिव सचिन साठे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान सुधीर पाटणकर और गिरीश पालेकर ने सस्वर चालीसा पाठ किया। जिसके बाद आरती कर महाप्रसाद का वितरण भी किया गया।



## हनुमान प्रकटोत्सव...

# युवाओं ने शस्त्रों के साथ किया शौर्य प्रदर्शन शरबत और चने के प्रसाद का हुआ वितरण



**भिलाई।** श्री केशरी समिति रिसाली आशीष नगर वार्ड 25 के तत्वावधान में राम दरबार के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन के चौथे वर्ष में निकली शोभायात्रा में लोग भगवा झंडा लिए जय श्रीराम, बजरंग बली के नारे लगाते रहे।

शोभायात्रा आशीष नगर रिसाली के विभिन्न मार्ग होते हुए डी .पी .एस. चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। हनुमान मंदिर में रामचरित मानस का पाठ हुआ। इस दौरान हनुमानजी का भव्य श्रृंगार किया गया। पूजन-आरती के साथ ही आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पर पूरा क्षेत्र अबीर, गुलाल के साथ केसरिया रंग से पटा रहा। शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में शामिल तमाम देवी-देवताओं की मनोरम झांकियां लोगों को आकर्षिण का केंद्र रही। इस दौरान युवाओं ने शस्त्रों के साथ शौर्य प्रदर्शन किया। गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह शरबत, चने, खिचड़ी आदि के स्टाल लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक, रिसाली महापौर, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, गौरी शंकर श्रीवास, उपकार चंद्राकर, डॉ मानसी गुलाटी, पार्वती कुर्रे सहित श्री केशरी समिति के सचिव शोभायात्रा के आयोजक व पार्षद मनीष यादव और आयोजन समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दो सौ से अधिक गांव के राम भक्तों ने निकाली शोभायात्रा



हिन्दू युवा मंच संयोजक गोविंद राज नायडू द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 210 से अधिक गांवों से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में निकली भव्य झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, प्रकाश सांखला, विनीत चोपड़ा, अरुण सिंह सभापति, हिन्दू युवा संयोजक गोविंद राज नायडू, जिला संयोजक अरुण अग्रवाल, राजा देवांगन, राज गुप्ता, सुरेंद्र जैन, अमित पुरोहित, अमिताभ वर्मा, विश्वमूर्ति, निशांत ठाकुर, भीम जैन, नंदलाल,जय देवांगन,राज गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम संचालन आदिशक्ति जिला संयोजिका डॉ भावना दिवाकर ने किया।

## लोगों को किया जागरूक

# आईडीए ने किया रक्तदान जरुरतमंदों को मिलेगी राहत




**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई ब्रांच द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन दुर्ग जिला चिकित्सालय में किया गया। आईडीए अध्यक्ष डॉ फातिमा खान और सचिव डॉ शाहीन हमदानी उपस्थिति में डॉ दीपक जैन, डॉ शुभ जैन, डॉ नावेद खान, डॉ दीप्ति राठौर, डॉ सविता कबड़वाल, डॉ श्रेणिक नाहटा, डॉ गौरव दानी, डॉ सानिध्य सुराना, डॉ भूमिका, डॉ भावना खंडेलवाल और अन्य लोगों ने रक्तदान किया। आईडीए के डॉक्टरों द्वारा 25 यूनिट रक्तदान किया गया। आईडीए कार्यकारिणी समिति द्वारा सिविल सर्जन दुर्ग डॉ हेमंत कुमार साहू एवं ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल का अभिनंदन कर रक्तदान शिविर में सगयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया गया। सिविल सर्जन डॉ हेमंत कुमार ने आईडीए के इस प्रयास की सराहना की। शिविर में जिला अस्पताल दुर्ग ब्लड बैंक के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### डॉ. पाटिल को गायन और साहित्य साधना के लिए विश्व बंगाली नोबेल सम्मान



**भिलाई।** विश्व बंग साहित्य संगीत परिषद कोलकाता द्वारा डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल को गायन और साहित्य साधना के लिए विश्व बंगाली नोबेल सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान मिलने पर छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रम्हदेव पटेल, उपाध्यक्षगण संतकुमार केसकर, अनुरूप साहू, घनश्याम देवांगन, डॉ. डीपी देशमुख, चंदूलाल मरकाम सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी है।

## एजुकेशन इवेंट

# शा.प्रा. शाला में सांई भक्तों ने की सेवा, दिये टेबल और बैंच



**भिलाई।** डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर शा.प्रा.शाला विवेकानंद नगर भिलाई में सांई भक्तों द्वारा बच्चों के बैठने के लिए टेबल और बैंच प्रदान किया गया। जिसमें सभी सांई भक्तों ने अपना योगदान दिया। शा.प्रा.शाला विवेकानंद नगर भिलाई में छोटे बच्चों के बैठने की व्यवस्था और अन्य जरुरी सामान देकर सहयोग किया। जिसे पाकर बच्चों के चेहरों में खुशी दिखाई दी। अम्बेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वामी, रामकृष्ण सेन, भालेकर, मोहनलाल हिरवानी, संदीप उरकुडे, प्रभूनाथ तिवारी, मिथलेश गर्ग, राजेश जैन, मनीष जैन, कंवरजीत सिंह, मुकेश अग्रवाल,शाला की प्रचार्य रेखा सिंह, शिक्षक राकेश कौशिक, देवकी बाई, यशवंत कोसरे सहित सभी सांई भक्त समिति के सदस्य प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

## गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दुर्ग में धूमधाम से मनाया गया वैसाखी पर्व

# गुरुद्वारे में सबद-कीर्तन कर किया गुरुओं का बखान, संगत ने छंका लंगर और सेवादारों ने की सेवा

कार्नर न्यूज

**सांसद विजय बघेल हुए शामिल, बांटा लंगर**

**भिलाई।** दुर्ग गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब में बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 4 बजे से ही सबद-कीर्तन गूंजायमान रहे। सुबह 9 बजे अखंड पाठ की समाप्ति हुई। जिसके बाद हजूरी रागी जत्था अमन दीप सिंह और स्त्री सत्संग सतनाम कौर विरदी एवं उनकी पूरी टीम ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। हम चाकर गोबिंद के बच्चों ने भी रसमय कीर्तन कर गुरुओं का बखान किया। बैसाखी के अवसर पर सुबह 4 बजे से लंगर बनाने की सेवा शुरु हुई। जिसमे सभी ने मिलकर लंगर में सेवा की। ज्ञानी ओम वीर सिंह ने संगत को बैसाखी पर्व का महत्व बताया। विशेष रूप से हजूरी रागी जत्था जसकरण सिंह दरबार साहिब अमृतसर ने कीर्तन कर मन मोह लिया।



### अतिथियों ने लंगर में की सेवा

बैसाखी के अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। सभी ने संगत के साथ बैठकर गुरु का लंगर छंका। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व पार्षद मनदीप सिंह भाटिया, संजय कोहले, आर एन वर्मा भी दुर्ग गुरुद्वारे आए और गुरु महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सिख धर्म के नियमों का पलन करने चलती है क्लासेस

इस अवसर में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सेवादार अरविंदर सिंह खुराना ने बताया की दुर्ग गुरुद्वारे में शाम को 3 बजे से 5 बजे तक स्त्री सत्संग में हर रोज सुखमनी साहिब के पाठ करती है। हर रविवार को सभी संगत मिलकर दोपहर 12 से 4 तक जप- तप व समागम करते हैं। रोज शाम को 4 से 6 बजे तक बच्चों को पंजाबी सीखने की क्लास और शाम को बच्चों के लिए गतका की क्लास चलती है।

### जरुरमंदों की करते है सेवा

श्री खुराना ने बताया कि हर शनिवार रात को कीर्तन होता है उसके बाद दुर्ग ट्रक मालिक संग मिलकर संगत के लिए लंगर तैयार करता है। यह सभी समूह संगत मिलकर उपराले (सेवा) करते है। साथ ही गुरुद्वारा साहिब में जो बच्चें अपने स्कूल की किताबें खरीदने, स्कूल की फीस भरने और बीमारी के लिए जरुरतमंदों की निस्वार्थ सेवा की जाती है। अरविंदर खुराना ने बताया दुर्ग गुरुद्वारा साहिब में सहयोग कार्य चलते रहते है और वह सब उपराले सभी सेवादार और संगत मिलकर करते है।

इस अवसर पर प्रधानसेवदार अरविंदर सिंह खुराना, सेवादार जतिंदर सिंह, सुखदेव सिंह, सिकंदर सिंह, इंद्रपाल सिंह भाटिया, सतबीर सिंह भाटिया, जसप्रीत सिंह भाटिया, हरदीप सिंह, देवेंद्र सिंह, सिंघारा सिंह, परमजीत सिंह लांगरी, अमृतपाल सिंह भामरा, बनता सिंह, भूपिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, रमन रहेल, तेगवीर सिंह सहित सभी सेवादार प्रमुख रुप से उपस्थित थे।



## ज्योतिष

# अगर आपके साथ भी हो रही हैं ये समस्याएं तो हो सकता है राहु का प्रभाव, जानें इसके उपाय



भारतीय ज्योतिष शास्त्र में राहु को एक छाया ग्रह के रूप में जाना जाता है, जिसका प्रभाव व्यक्ति के जीवन में कई प्रकार की जटिलताओं और बाधाओं के रूप में देखने को मिलता है। जब कुंडली में राहु की स्थिति अनुकूल नहीं होती, तो यह व्यक्ति के लिए मानसिक अशांति, आर्थिक तंगी, पारिवारिक विवाद और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। यदि अचानक जीवन में कई कठिनाइयां एक साथ सामने आने लगें, बार-बार कोई काम बिगड़ने लगें या रिश्तों में अनबन बढ़ जाए, तो यह राहु के अशुभ प्रभाव का संकेत हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि राहु दोष के लक्षण क्या है और इससे बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं।

**राहु दोष के सामान्य लक्षण :** राहु दोष जब कुंडली में सक्रिय होता है, तो व्यक्ति के जीवन में कई तरह की परेशानियां आने लगती हैं। इसका असर मन की स्थिरता पर भी साफ दिखाई देता है। अधिक क्रोध आना, बार-बार डरावने सपनों का आना, मानसिक भ्रम की स्थिति, निर्णय लेने में कठिनाई, रिश्तों में कड़वाहट और अचानक होने वाली दुर्घटनाएं, ये सभी राहु के अशुभ प्रभाव के संकेत हो सकते हैं। यदि आप भी इन लक्षणों से जूझ रहे हैं, तो संभव है कि आपकी कुंडली में राहु दोष सक्रिय हो।

**राहु के उपाय :** राहु के प्रभाव को कम करने के लिए कुछ विशेष उपाय किए जा सकते हैं। इसके लिए 'ॐ रां राहवे नमः' मंत्र का प्रतिदिन एक माला जाप करना शुभ होता है। साथ ही शनिवार के दिन गोमेद रत्न को लोहे या पंचधातु की अंगूठी में जड़वाकर मध्यमा उंगली में धारण करने से भी राहत मिलती है।

देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त करने के लिए दुर्गा चालीसा का नियमित पाठ करना लाभकारी होता है। रोज सुबह पक्षियों को बाजरा खिलाना न केवल एक पुण्य कार्य है, बल्कि राहु को शांत करने का भी एक सरल उपाय है। समय-समय पर सात प्रकार के अनाज का दान करना, और एक नारियल व ग्यारह साबुत बादाम को काले कपड़े में लपेटकर किसी बहते हुए जल में प्रवाहित करने से राहु दोष की शांति में होती है।

जब राहु की दशा चल रही हो, तब "ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः" इस मंत्र का उच्च स्वर में जाप अवश्य करें। यह न केवल राहु को शांत करता है, बल्कि आपके भीतर आत्मबल और आत्मविश्वास भी जागृत करता है।

# लक्ष्मी चरण ऑफिस डेस्क पर रखना चाहिए या नहीं? जानें सही वास्तु नियम



वास्तु शास्त्र के अनुसार, ऑफिस डेस्क पर कुछ विशेष वस्तुएं रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और काम में सफलता प्राप्त होती है। सही दिशा में इन वस्तुओं का स्थान होना भी महत्वपूर्ण होता है। ऑफिस डेस्क पर कुछ ऐसी वस्तुएं हैं जिन्हें रखना शुभ माना जाता है, जैसे कि भगवान गणेश की मूर्ति, क्रिस्टल या एक छोटी-सी प्लांट।

इसके अलावा, कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें डेस्क पर नहीं रखना चाहिए, जैसे कि टूट-फूट का सामान, नकारात्मकता को दर्शाने वाली वस्तुएं, और किसी भी प्रकार के अपवित्र सामान। इनसे न केवल नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि व्यक्ति के कार्यक्षेत्र में भी रुकावटें और विघ्न आने लगते हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी जी के चरण रखना शुभ है? आइए जानते हैं।


**क्या ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रखना शुभ होता है :** लक्ष्मी चरण, जिन्हें लक्ष्मी पादुका भी कहा जाता है, देवी लक्ष्मी के पदचिह्नों को दर्शाते हैं। इन्हें घर या कार्यस्थल पर रखने से धन, समृद्धि, शांति और शुभ ऊर्जा का आगमन होता है। भारतीय परंपरा और वास्तु शास्त्र में लक्ष्मी चरण को बहुत ही शुभ माना गया है, खासकर तब जब इन्हें सही दिशा और विधि से रखा जाए। ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रखने का अर्थ है, मां लक्ष्मी को कार्यक्षेत्र में आमंत्रित करना। यह न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी होता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता में भी सहायक होता है। काम के दौरान जब हम तनाव में होते हैं या निर्णय नहीं ले पाते, तब सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह हमारे

**कहां और कैसे रखें लक्ष्मी चरण :** वास्तु शास्त्र के अनुसार, लक्ष्मी चरण को उत्तर-पूर्व दिशा में रखना अत्यंत शुभ होता है। यह दिशा 'ईशान कोण' कहलाती है और इसे धन, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र माना जाता है। अगर आप ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रखना चाहते हैं, तो डेस्क पर आपकी सीट की दिशा में सामने की ओर रखें, ताकि नज़र पड़ते ही आपको एक सकारात्मक अनुभूति हो।

## लिवर और किडनी दोनों ही हमारे शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों में विशेष भूमिका निभाती हैं

# लिवर-किडनी को रखना है स्वस्थ तो गांठ बांध लें ये जरूरी बातें, कम उम्र से ही बरतें सावधानियां

लिवर और किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं, हालांकि लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी ने इन दोनों अंगों की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित किया है। हम क्या खाते हैं, किसी तरह का जीवन जीते हैं, इन सभी का हमारे स्वास्थ्य पर असर हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कम उम्र से ही सेहत की देखभाल को लेकर अलर्ट रहने की सलाह देते हैं। लिवर और किडनी दोनों ही हमारे शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों में विशेष भूमिका निभाती हैं। शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने, मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने और खून को फिल्टर करने के लिए भी इनका ठीक तरीके से काम करते रहना आवश्यक है।



### खान-पान, जीवनशैली को ठीक रखने पर दें ध्यान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर-किडनी को स्वस्थ रखने के लिए सही खान-पान, जीवनशैली को ठीक रखने के साथ कुछ विशेष सावधानियां भी जरूरी हैं। कई शोध बताते हैं कि इन दोनों अंगों को हमारी जिस एक आदत के कारण सबसे ज्यादा क्षति हो रही, शराब पीना उनमें से एक है। शराब से लिवर कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, इससे फैटी लिवर और सिरोसिस जैसी दिक्कतों का खतरा बढ़ जाता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर हेल्थ की एक रिपोर्ट के अनुसार, लंबे समय तक अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन लिवर और किडनी फेलियर के खतरे को कई गुना तक बढ़ा देता है।

### प्रोसेस्ड फूड और अधिक नमक से करें परहेज

प्रोसेस्ड फूड में हाई सोडियम और इसे लंबे समय तक बचाए रखने के लिए केमिकल्स होते हैं, जो किडनी की कार्यप्रणाली पर असर डालते हैं और उच्च रक्तचाप को बढ़ावा देते हैं।

जर्नल ऑफ अमेरिकन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी की एक रिपोर्ट अनुसार, ज्यादा नमक खाने से किडनी की कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर हो सकता है। अत्यधिक नमक के कारण लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

लिवर-किडनी को स्वस्थ रखने के लिए कम उम्र से ही सभी लोगों को कुछ और सावधानियां बरतनी चाहिए।

तंबाकू से दूरी बनाएं। इसमें मौजूद टॉक्सिन्स लिवर और किडनी दोनों को नुकसान पहुंचाते हैं और कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं।

कम पानी पीना भी खतरनाक है। पानी शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, ऐसे में कम पानी पीने से शरीर में विषाक्तता बढ़ सकती है।

पेनकिलर या एंटीबायोटिक दवाओं का ज्यादा सेवन भी लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है।

व्यायाम से वजन, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। जो लोग व्यायाम नहीं करते हैं उनमें भी लिवर-किडनी की समस्याएं अधिक देखी जाती हैं।



# ये कोई सर्कस नहीं... ये है एरियल योगा! लटकिए हवा में और चुपचाप देखिए कैसे बीमारियां हो जाती हैं फुर्र!

योग तनाव दूर करने और शरीर को स्वस्थ रखने का पुराना तरीका है। इसके कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। कई पुराने रोगों का खतरा भी इससे कम हो सकता है। एरियल योग पारंपरिक योग का नया रूप है। यह योग शरीर को सहारा देने के लिए हवा में हेमॉक की मदद से किया जाता है। एरियल योगा में, हेमॉक छत से लटकता है और आपको अपनी पीठ, सिर, कंधों और रीढ़ पर किसी भी दबाव के बिना स्विंग की मदद से विभिन्न आसन करने होते हैं। इसके बारे में कोल्हापुर की योगा ट्रेनर दीक्षा कदम ने जानकारी दी है।

एरियल योगा, जिसे कभी-कभी एंटी-ग्रेविटी योगा या फ्लाइंग योगा भी कहा जाता है, योग का एक आधुनिक प्रकार है। इसमें पारंपरिक योगासन, पायलट्स और नृत्य का मिश्रण होता है, जो हवा में लटके हुए मुलायम, मजबूत कपड़े (हेमॉक) की सहायता से किया जाता है। हेमॉक शरीर को सहारा देता है, जिससे योगासन अधिक गहराई से और कम तनाव के साथ किए जा सकते हैं। इससे लचीलापन, ताकत, संतुलन और मानसिक शांति बढ़ाने में मदद मिलती है। यह सभी आयु वर्ग और फिटनेस स्तर के लोगों के लिए उपयुक्त है।



### एरियल योगा के फायदे

- शारीरिक लचीलापन और ताकतः हेमॉक की सहायता से मांसपेशियों और जोड़ों पर कम दबाव पड़ता है, जिससे लचीलापन बढ़ता है।
- मानसिक शांतिः हवा में लटकने का अनुभव तनाव कम करता है और ध्यान को प्रोत्साहित करता है।
- रीढ़ का स्वास्थ्यः उलटी स्थिति (इन्वर्शन) से रीढ़ की संरचना (**Spine structure**) में सुधार होता है और पीठ दर्द कम होता है।
- मजेदार और रचनात्मकः पारंपरिक योग की तुलना में यह प्रकार खेलकूद और आनंददायक है।

### एरियल योगा कैसे करें?

एरियल योगा हेमॉक की मदद से स्टूडियो या योगा सेंटर में प्रशिक्षित प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में किया जाता है। इसकी प्रक्रिया इस प्रकार है।

- सही कपड़ेः तंग, लचीले और आरामदायक कपड़े (जैसे, लेगिंग्स और टी-शर्ट). आभूषण या धारदार वस्तुएं न पहनें.
- उपकरणः हेमॉक मजबूत छत से लटका होता है और इसकी ऊंचाई जमीन से लगभग 2-3 फीट होती है।
- वातावरणः शांत और सुरक्षित स्टूडियो, जहां प्रशिक्षक प्रत्येक व्यक्ति के हेमॉक की जांच करता है।

### वॉर्म-अप

- सत्र की शुरुआत हल्की स्ट्रेचिंग और श्वास-प्रश्वास के व्यायाम से होती है।
- हेमॉक का उपयोग करके शरीर को उसकी लचीलता के साथ तालमेल बिठाने के लिए सरल हलचलें की जाती हैं, जैसे हल्के झूले लेना.

### मुख्य आसन

- बैठने के आसनः हेमॉक पर बैठकर पैर लटकाते हुए या उसे सहारा देते हुए सूर्यनमस्कार या वृक्षासन जैसे आसन.
- उलटे आसनः हेमॉक की सहायता से उलटे लटकना, जैसे डाउनवर्ड डॉग या हेडस्टैंड, जिससे रीढ़ की लंबाई बढ़ती है।

# इमली सिर्फ चटपटी नहीं, ये है बीमारियों की रामबाण दवा! पेट की जलन हो या सूजन



आयुर्वेद में विभिन्न रोगों के इलाज के लिए अलग-अलग वनस्पतियों का उपयोग होता है। कुछ वनस्पतियां घर के आंगन में उगती हैं तो कुछ जंगल में मिलती हैं। रसोई में मौजूद मसालों का भी औषधि के रूप में उपयोग होता है। आयुर्वेदिक चिकित्सक ने बताया कि,' आयुर्वेद में इमली का औषधि के रूप में विशेष महत्व है। इसका उपयोग करने से पहले विशेषज्ञ वैद्य या आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह लेना अनिवार्य है।'

इमली के पेड़ हर जगह देखे जा सकते हैं। आमतौर पर फागुन और महा महीने में इमली के बीज पककर तैयार हो जाते हैं। आयुर्वेद में इमली को टेस्टी, पित्तनाशक और विरेचक माना जाता है। लोग इसे दाल और सब्जी में मिलाकर व्यंजनों को स्वादिष्ट बनाते हैं। गर्मियों में तृप्ति के लिए, गुड़ मिलाकर इमली के पानी का सेवन किया जाता है।

जब ज्यादा दस्त होते हैं तो चावल के मांड के साथ इमली का पानी पीने से काफी फायदा होता है। इमली पाचन और पित्त विकारों के लिए उत्तम औषधि है। भोजन और औषधि के रूप में इमली का उपयोग वर्षों से हो रहा है। कब्ज और जलन को दूर करने के लिए इमली के पत्तों का उपयोग होता है। इमली का मुरब्बा खाने से पाचनशक्ति भी बढ़ती है।

शरीर में किसी भी प्रकार की सूजन या दर्द हो तो इमली के फल का लेप करने से बहुत फायदा होता है। इसके अलावा, शरीर में मोच या खिंचाव आने पर भी काफी दर्द होता है। इससे राहत पाने के लिए, कई लोग इमली के पत्तों को पीसकर लेप बनाते हैं, उसे हल्का गर्म करके प्रभावित स्थान पर लगाते हैं, जिससे काफी आराम मिलता है।

अगर भूख कम लगती हो तो भोजन के साथ इमली की चटनी खानी चाहिए, जिससे भूख बढ़ती है और भोजन पचने में आसानी होती है।

इमली का अधिक उपयोग करने से साइड इफेक्ट हो सकते हैं। हर व्यक्ति का शरीर और तासीर अलग होती है, इसलिए किसी भी उपयोग से पहले विशेषज्ञ वैद्य या आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए. जिन्हें इमली से एलर्जी हो, उन्हें इमली खाने से शरीर में सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अधिक उपयोग से दांतों को भी नुकसान हो सकता है। गर्भवती महिलाओं के लिए इमली का सेवन हानिकारक माना जाता है।

# गर्मी में इस देसी लड्डू का करें सेवन रास्ता बदल लेंगी बीमारियां



कहने को तो गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। लेकिन, पिछले एक सप्ताह से पूरे बिहार में मौसम दिन रात बदल रहा है। कभी तेज हवाएं चलने लगती है, तो कभी जोरदार बारिश के कारण जनजीवन भी बदल सा गया है। इस बदलते मौसम के बीच लोगों को जिस चीज का खतरा सता रहा है वह है मौसमी बीमारियां। बदलते मौसम में बड़े पैमाने पर लोग सर्दी, जुकाम जैसी परेशानियों से का शिकार हो जाते हैं और इस मौसम में उन्हें सेहत संबंधी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन, इससे बचने के लिए लोग दवाइयां लेते हैं और चिकित्सक के पास जाते हैं। परंतु, अगर आप अपने घर पर ही एक स्पेशल डिश का निर्माण करें, जिसे खाने के बाद आपका इम्यूनिटी इतना बढ़ जाएगा कि बीमारियां आपके आसपास भी नजर नहीं आएगी और आपको देखकर दूर से ही अपना रास्ता बदल लेंगे।


आयुष चिकित्सक बताते हैं कि बदलते मौसम में आप तुलसी के पत्तों से बने लड्डू का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बदलते मौसम के बीच सर्दी, खांसी, जुकाम जैसे कई परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ता है। संक्रमण के कारण लोगों को यह बीमारियां होती है। परंतु, तुलसी इसमें आपकी काफी काम आ सकता है। डॉक्टर ने बताया कि तुलसी के पत्तियों में एंटीवायरल, एंटी बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो हमारे शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं। अगर इस मौसम में तुलसी का काढ़ा पिया जाए तो यह भी आपके काफी काम आ सकता है। परंतु अगर आप इसको थोड़ा जायकेदार और स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं, तब आप तुलसी और गुड़ के लड्डू का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

## रोने के लिए हिम्मत चाहिए. रोना सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है

# हंसना ही नहीं, रोना भी है जरूरी, क्या है आंसुओं का दिमाग की सेहत से कनेक्शन

*हर इंसान कभी ना कभी किसी ना किसी मौके पर रोता जरूर है। कभी खुशी के मौके पर आंसू निकल आते हैं तो कभी दुख में. अक्सर रोने वाले व्यक्ति को समाज में कमजोर समझा जाता है जबकि ऐसा नहीं है। रोने के लिए हिम्मत चाहिए. रोना सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।*



### कई तरह के होते हैं आंसू

अमेरिकन अकैडमी ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी के अनुसार रोना भावनाओं को व्यक्त करने का एक तरीका है, लेकिन आंसू 3 तरह के होते हैं। इनमें से 2 का कनेक्शन इमोशन से नहीं होता. बेसल टीयर्स लैक्रिमल ग्लैंड से निकलते हैं। इससे कॉर्निया को लुब्रिकेशन मिलता है और आंखें गीली रहती हैं। यह तब निकलते हैं जब आंखों में धूल चली जाए। इन आंसुओं में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। रिफ्लैक्स टीयर्स तब निकलते जब आंखों में धुआं, कोई कीड़ा चला जाए या कोई प्याज काट रहा हो। इससे आंखें सुरक्षित रहती हैं। इन आंसुओं में एंटीबॉडीज होती हैं जो आंखों को बैक्टीरिया से बचाती हैं।

### पेन किलर का काम करते हैं आंसू

आंसू नेचुरल पेनकिलर होते हैं। यह शरीर से दर्द को कम करते हैं। दरअसल, रोने के दौरान शरीर से एंडोर्फिन और ऑक्सीटोसिन नाम के हार्मोन रिलीज होते हैं जिससे व्यक्ति के दिल से बोझ कम होता है और दर्द कम होते ही वह अच्छा महसूस करने लगता है। अगर किसी बात से परेशान हैं तो रो लेना चाहिए. इससे दर्द छूमंतर हो जाएगा।

### मेंटल हेल्थ अच्छी रहती है

जब व्यक्ति इमोशनल होकर रोता है तो उसकी बॉडी में प्रोलैक्टिन और एनकेफेलिन जैसे केमिकल निकलते हैं। आंसू निकले से कॉर्टिसोल नाम का स्ट्रेस हार्मोन भी कम होता है। इससे तनाव दूर होता है और व्यक्ति का मन शांत होता है। इससे उसका मूड भी अच्छा रहता है। रोने से व्यक्ति दूसरों के मुकाबले ज्यादा खुश रहता है। इससे मेंटल हेल्थ दुरुस्त रहती है जिससे डिप्रेशन, एंग्जाइटी जैसी बीमारियां नहीं होती।



### लड़कियां ज्यादा रोती हैं

जर्मन सोसाइटी ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी के सर्वे के अनुसार साल भर में महिलाएं 30 से 64 बार रोती हैं, जबकि पुरुष 6 से 17 बार ही रोते हैं। पुरुष जहां 2 से 4 मिनट तक रोते हैं, वहीं महिलाएं 6 मिनट तक रोती हैं। दरअसल, महिलाओं के शरीर में प्रोलैक्टिन हार्मोन ज्यादा होता है, इसलिए उनकी आंखों में जल्दी आंसू आते हैं। रोने की वजह से महिलाएं पुरुषों के मुकाबले ज्यादा इमोशनली स्ट्रॉन्ग होती हैं। उनकी दिल की सेहत भी इस वजह से दुरुस्त रहती है।

### आंख साफ होती है

जो लोग ज्यादा रोते हैं, उन्हें आईज इन्फेक्शन परेशान नहीं करते। रोने के दौरान लाइसोजाइम नाम का केमिकल निकलता है जो आंखों में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट करता है। इससे आंख साफ रहती हैं। जो लोग रोते हैं, उन्हें सुकून की नींद भी आती है। ऐसा अक्सर होता है कि रोने के बाद व्यक्ति लगातार 8 घंटे गहरी नींद में सोता है और उसका स्लीप पैटर्न सुधर जाता है।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# एमी पुरस्कार विजेता अभिनेत्री जीन मार्श का निधन



क्लासिक पीरियड ड्रामा 'अपस्टेयर्स', 'डाउनस्टेयर्स' की प्रसिद्ध अभिनेत्री जीन मार्श का बीते दिन 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। ब्रिटिश एक्ट्रेस ने अभिनय के अलावा एक असिस्टेंट फिल्म निर्माता के तौर पर भी काम किया था। 1934 में जीन लिंडसे टॉरेन मार्श का जन्म हुआ, जो लंदन में पली-बढ़ीं, उनके माता-पिता मजदूर वर्ग के थे। ब्रिटिश एक्ट्रेस जीन मार्श को 'अपस्टेयर्स' और 'डाउनस्टेयर्स' ब्रिटिश ड्रामा के लिए जाना जाता था, जिसमें उन्होंने नौकरानी मिसेज बक की भूमिका निभाई थी। इस सीरीज में वो बतौर सह-निर्माता भी थीं। साल 1975 में अभिनेत्री को ड्रामा सीरीज में शानदार अभिनय के लिए बेस्ट लीड एक्ट्रेस का एमी पुरस्कार मिला। चार साल तक चले इस सरीज में कुल 68 एपिसोड शामिल थे। अपनी शानदार भूमिका के लिए जाने जानी वाली अभिनेत्री जीन मार्श ने फिल्म, टेलीविजन और थिएटर में शानदार काम किया। उन्होंने रॉन हॉवर्ड की फैंटसी मोशन फिल्म 'विलो' में अभिनय किया और 'अल्फ्रेड हिचकॉक' में नजर आईं। आखिरी बार अभिनेत्री 2022 में ऑन स्क्रीन पर नजर आईं थीं, उन्होंने 'विलो' पर आधारित टेलीविजन सीरीज में एक कैमियो के रूप में अपना योगदान दिया था।

## टॉलीवुड

# एटली की फिल्म को लेकर आया बड़ा अपडेट, फिल्म में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करेंगे अल्लू अर्जुन



जवान फिल्म के निर्देशक एटली अब एक और दमदार फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अल्लू के साथ दो बॉलीवुड अभिनेत्रियां नजर आएंगी। जानिए कौन हैं वे दो अभिनेत्रियां जो करेंगी अल्लू की फिल्म में कमाल। ओटीटी प्ले की एक खबर के मुताबिक, अल्लू के साथ इस फिल्म में दो बॉलीवुड हीरोइन होंगी। जान्हवी कपूर का नाम लगभग फाइनल है, जबकि दूसरी हीरोइन के लिए दिशा पटानी और श्रद्धा कपूर जैसी अभिनेत्रियों से बात चल रही है। एटली इस फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाना चाहते हैं, जिसमें ढेर सारे ग्राफिक्स और वीएफएक्स होंगे। बहरहाल, फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। पुष्पा 2 की सफलता के बाद अल्लू अर्जुन के फैंस उनकी हर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपने जन्मदिन पर उन्होंने एटली के साथ नई फिल्म की घोषणा की थी, जिसे सन पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहा है। हॉलीवुड के बड़े स्टूडियो भी इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। फिल्म में खलनायक की भूमिका भी एक बड़ा सितारा निभाएगा, लेकिन अभी उसका नाम फाइनल नहीं हुआ है।

## भोजपुरी

# वायरल क्लिप की बात कर रो पड़ीं त्रिशा, आत्महत्या का प्रयास किया



हाल ही में भोजपुरी अभिनेत्री त्रिशाकर मधु ने अपने चमकते कॅरियर में अचानक ब्रेक लग जाने के बारे में बात की। उन्होंने अपने वायरल हुए एमएमएस का खोला राज। उनके करीबी का था इसमें हाथ और इंडस्ट्री के बड़े ग्रुप के शामिल होने की बात भी कही। भोजपुरी की दुनिया में एक समय त्रिशाकर मधु का नाम सिर चढ़ कर बोला करता था, लेकिन एक वीडियो ने उनके जीवन को तबाह कर दिया था। अब इस वीडियो के बारे में अभिनेत्री ने खुलासे किए हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके इस करीबी ने की घिनौनी हरकत। त्रिशाकर मधु ने बातचीत में कहा कि उन्होंने इस भोजपुरी इंडस्ट्री के लिए इतना कुछ किया, लेकिन उनका किसी ने साथ नहीं दिया। यह कहकर वह रोने लगती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि एक बड़े स्टार ने उनके साथ खड़े होने की बात कही है। इसके अलावा अभिनेत्री ने बाताया कि भोजपुरी इंडस्ट्री बहुत गंदी है। उनके साथ जब यह घटना हुई तो वह इतनी टूट चुकी थी कि उन्होंने तीन बार घर पर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। आगे त्रिशा ने कहा कि उन्हें लगता है उनके साथ ये सब इसलिए हुआ, क्योंकि वह किसी ग्रुप का हिस्सा नहीं बनीं। बातचीत के दौरान अभिनेत्री कई बार भावुक हो गईं थीं। भोजपुरी अभिनेत्री हाल ही में अपने जीवन के संघर्षों के बारे में बात की। इस दौरान उनसे उनके उस वायरल वीडियो के बारे में पूछा गया, जिसने उनकी जिंदगी तबाह कर दी। इसके जवाब में अभिनेत्री ने बताया कि यह उस समय की घटना है, जब उन्होंने खेसारी लाल यादव के साथ 'बोल बम' गाना किया था। अभिनेत्री ने बताया कि इस गाने के लगभग एक महीने बाद उनके फोन में उनकी एक अश्लील तस्वीर आई और धमकी मिली, लेकिन वह डरी नहीं। इसके बाद उन्हें लगातार कई धमकियां मिलीं और उनके कई छोटे-छोटे अश्लील क्लिप वायरल होने लगे।

## लाइफ स्टाइल

# लहंगे में पलक ने बनाया लट्टू



पलक डिजाइनर लेबल चैरी डी के लिए फैशन शो में शोस्टॉपर बनीं। जिन्होंने यहां अपने नए कलेक्शन को लॉन्च किया और पलक को सफेद कपड़ों में सजाया। जहां देसी लुक में पलक तिवारी बेहद खूबसूरत लगीं। जिसे देसी के साथ मॉर्डन ट्विस्ट देकर डिजाइन किया गया। जहां हसीना अपने एब्स फ्लॉन्ट कर सबको लट्टू कर गईं। पलक ने ट्यूब टॉप स्टाइल चोली पहनी है। जिसकी नेकलाइन को स्ट्रैपी लुक के साथ वी डिजाइन दिया। जिसे सितारों और वाइट पर्ल्स से सजाया।

# बालों की लंबाई में रुकावट पैदा कर रहे दोमुंहे बाल, इन नुस्खों से पाएं छुटकारा

गर्मी के मौसम में लोग अपने चेहरे और त्वचा का तो ध्यान रख लेते हैं लेकिन अक्सर बालों का ध्यान रखना भूल जाते हैं। इस वजह से ही बाल बेजान दिखने लगते हैं और दोमुंहे होने लगते हैं। दोमुंहे बाल न सिर्फ बालों के विकास में रुकावट बनते हैं, बल्कि साथ ही में इसकी वजह से लुक भी खराब दिखने लगता है। ऐसे में हर कोई समय-समय पर बालों की ट्रिमिंग कराता रहता है। हर एक से डेढ़ महीने में बालों को ट्रिम करने की सलाह दी जाती है, ताकि दोमुंहे बालों से छुटकारा पाया जा सके। लेकिन कई बार ट्रिम कराना ध्यान नहीं रहता। ऐसे में आप कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर भी इस दिक्कत से छुटकारा पा सकते हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनको अपनाने के बाद आपके बाल हेल्दी और शाइनी दिखेंगे।



### नारियल तेल और एलोवेरा मास्क

ये दोनों चीजें आसानी से हर घर में पाई जाती हैं। ऐसे में आप इसके इस्तेमाल से भी दोमुंहे बालों से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको एक कटोरी में दो चम्मच नारियल का तेल लेकर उसमें बराबर मात्रा में एलोवेरा मास्क मिक्स करना है। दोनों चीजों को सही से मिक्स करके पेस्ट तैयार करें।

**अंडा और दही मास्क** : यदि आपको अंडा इस्तेमाल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं है तो इस मास्क से बेहतर आपके लिए कुछ हो नहीं सकता। इसके लिए सबसे पहले अंडे को फोड़कर उसका सफेद हिस्सा एक कटोरी में निकाल लें। इसके बाद इसमें दो चम्मच दही डालें और पेस्ट तैयार करें।

### केला और शहद मास्क

केला और शहद दोनों मे ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिससे न सिर्फ बालों में चमक आती है, बल्कि इसके इस्तेमाल से दोमुंहे बालों का भी खात्मा होता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले को केले को अच्छी तरह से मैश कर लें। अब इसमें दो चम्मच शहद मिक्स करें और फिर इस पेस्ट में एक चम्मच नारियल का तेल भी डाल लें। अब इस पेस्ट को अपने बालों में सही से लगाएं। आधे से एक घंटे इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर बालों को धो लें। दो से तीन बार इस मास्क का उपयोग करें और इसका असर देखें।

# गर्मी में दिखना है स्टाइलिश तो ऐसे पहनें बिना झिझके शॉर्ट ड्रेसेज

फैशन



शॉर्ट ड्रेसेज और शॉर्ट पैंट्स गर्मी में बहुत कूल लगती हैं।आप कियारा आडवाणी, मलाइका अरोड़ा, आलिया भट्ट समेत किसी भी एक्ट्रेस को देख लें, वह समर सीजन में यही कपड़े पहनना पसंद करती हैं।लेकिन इन ड्रेसेज को पहनने के कुछ तरीके हैं।अगर इन पर गौर नहीं किया गया तो इन्हें पहनने से उप्स मोमेंट बन सकते हैं और आपको शर्मिंदा होना पड़ सकता है।

**फिटिंग पर दें ध्यान :** शॉर्ट ड्रेसेज या पैंट्स पहनने से पहले उसके फैब्रिक और फिटिंग पर जरूर ध्यान दें। इस मौसम में कॉटन, लिनन या रायोन का फैब्रिक बेस्ट होता है। यह गर्मी में ठंडक का एहसास कराता है। वहीं इस मौसम में टाइट पैंट्स और बॉडीकॉन शॉर्ट ड्रेसेज से बचना चाहिए। हमेशा ऐसे आउटफिट चुनें जो लूज या रेगुलर फिटिंग के हों और उन्हें पहनकर चलने में आसानी रहे।

**बॉय शॉर्ट्स जरूर पहनें :** अगर आप मिनी स्कर्ट, मिनी ड्रेस या हॉट पेंट पहन रही हैं तो उसके अंदर बॉय शॉर्ट्स जरूर पहनें. इससे आप फ्री महसूस करेंगी और कंफर्टेबल होकर उठ-बैठ सकेंगी. दरअसल बॉय शॉर्ट्स थिन मटीरियल की होती हैं जिन्हें शॉर्ट ड्रेसेज के साथ पेयर किया जा सकता है। इससे उप्स मोमेंट की टेंशन भी नहीं होती क्योंकि थाईज तक बॉडी कवर रहती है।

**उठने-बैठने का रूल :** शॉर्ट ड्रेसेज बेहद ग्लैमरस और स्टाइलिश लगती हैं,लेकिन इन्हें पहनने के बाद आप कैसे उठ-बैठ रही हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है। जब भी बैठें हमेशा पैरों को मिलाकर बैठें या आप पैरों को क्रॉस भी कर सकती हैं।शॉर्ट ड्रेसेज पर हमेशा स्नीकर, फ्लैट्स या नी लेंथ बूट्स अच्छे लगते हैं।गर्मी में इनके नीचे स्नीकर ही पहनें ताकि आप कॉन्फिडेंस के साथ चल सकें.

**इन हैक्स से नहीं होंगे असहज :** फैशन डिजाइनर भावना जिंदल कहती हैं कि कुछ लोगों का शॉर्ट ड्रेसेज पहनने का तो मन करता है, लेकिन वह छोटा होने के कारण इन ड्रेसेज को पहनने में संकोच करते हैं। अगर आप इनमें कंफर्ट महसूस नहीं करते तो कुछ हैक्स को अपनाएं. शॉर्ट ड्रेसेज पहनने से पहले इनके नीचे स्टॉकिंग या लेगिंग पहन लें। इससे पैर कवर हो जाएंगे. इसके ऊपर शॉर्ट ड्रेसेज कैरी कर सकते हैं।इसके अलावा इन ड्रेसेज को लेयरिंग करके भी पहन सकते हैं।जैसे शॉर्ट ड्रेसेज पर लॉन्ग श्रग और लॉन्ग बूट्स पहनें, इससे स्किन शो नहीं होगी।

# हर महिला के पास होने चाहिए ये ब्यूटी प्रोडक्ट, जो बरकरार रखेंगे चेहरे का निखार

शायद ही कोई ऐसी महिला होगी, जिसे ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना पसंद न हो। इसी के चलते हर महिला के पास तमाम तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट का शानदार कलेक्शन होता है। हर महिला इन सामानों को अपने घर की ड्रेसिंग टेबल में रखती हैं। इन ब्यूटी प्रोडक्ट्स में कुछ चीजें ऐसी हैं, जो हर महिला को अपने बैग में रखनी चाहिए। जिन महिलाओं के पास ब्यूटी प्रोडक्ट का कलेक्शन नहीं भी होता है, उन्हें भी इन पांच चीजों को अपने पास रखना चाहिए। यहां हम आपको पांच सबसे अहम ब्यूटी प्रोडक्ट के बारे में बताने जा रहे हैं।

**क्लींजर** : हर महिला के बैग में एक अच्छा क्लींजर अवश्य होना चाहिए। इसे खरीदते समय ध्यान रखें कि ये आपकी स्किन टाइप के हिसाब से ही हो। एक जेंटल से क्लींजर का इस्तेमाल आप दिन में दो से तीन बार कर सकती हैं। ये आपके चेहरे से गंदगी हटाने का काम करेगा।



### सनस्क्रीन

फिलहाल के लिए अब जब गर्मी का मौसम चल रहा है तो आपके लिए सनस्क्रीन काफी जरूरी है। अक्सर लोगों को लगता है कि दिन में एक समय सनस्क्रीन का इस्तेमाल काफी है, जबकि ऐसा नहीं है। इतनी तेज धूप के समय आपको हर तीन से चार घंटे में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना है।

### मॉइश्चराइजर

लोगों को ऐसा लगता है कि मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल सिर्फ सर्दियों में ही किया जाता है, जबकि ऐसा नहीं है। गर्मी में पसीने की वजह से चेहरे की प्राकृतिक नमी सूखने लगती है। ऐसे में सही मॉइश्चराइजर आपके चेहरे को दमकाने में मदद करेगा।

### लिप बाम

तेज धूप और धूल की वजह से होंठ भी काफी फटने लगते हैं, जिसकी वजह से काफी परेशानी होने लगती है। कई बार तो होंठ फटने के बाद खून तक निकलने लगता है। यदि आप इस परेशानी से बचना चाहती हैं तो लिप बाम का इस्तेमाल करें। इससे आपके होंठ नर्म और मुलायम रहेंगे।

# चेहरे को गर्मी से राहत दिलाएंगे ये प्राकृतिक पाउडर, आप भी आजमाकर देख लें

अप्रैल के महीने में ही इस बार इतनी तेज धूप पड़ने लगी है, कि लोगों ने खुद को कवर करके घर से बाहर निकलना शुरू कर दिया है। तेज धूप और गर्मी की वजह से अभी से ही स्किन पर टैनिंग होने लगी है, जिससे चेहरा भी डल दिखने लगा है। इसी के चलते सभी को अभी से अपना ध्यान रखने की जरूरत है। यहां हम आपको तीन ऐसे प्राकृतिक पाउडरों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आप चेहरे की गर्मी से राहत पा सकते हैं। इनके इस्तेमाल के लिए आपको बस एक बार पैच टेस्ट करने की जरूरत है, जिसके बाद आपके चेहरे की कई परेशानियां खुद ब खुद दूर हो जाएंगी।



**चंदन पाउडर :** गर्मी के मौसम में बाजार में कई ऐसे स्किन केयर प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनमें चंदन पाउडर मिक्स होता है। ऐसे में आप चाहें तो सीधे इसका इस्तेमाल अपने चेहरे पर कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपका चेहरा एकदम खिल उठेगा। खासतौर पर यदि आपके चेहरे पर गर्मी की वजह से दाने निकल रहे हैं तो गुलाब जल के साथ चंदन पाउडर को मिलाकर उसे फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। आप इस पैक को हफ्ते में कम से कम दो बार लगा सकते हैं। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। इसका इस्तेमाल तभी करें, जब ये आपको सूट करता हो, वरना ये परेशानी को बढ़ा सकता है।


**मुल्तानी मिट्टी :** यदि आपकी त्वचा ऑयली है, तब तो आप आसानी के इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल से चेहरे की डीप क्लींजिंग होती है। ये चेहरे के पोर्स को साफ करता है, जिसकी वजह से पसीने और धूल से छुटकारा मिलता है। इसके इस्तेमाल की बात करें तो ठंडे दूध या गुलाब जल के साथ मिलाकर आप इसे अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। इस पैक का इस्तेमाल भी चेहरे की जरूरत के हिसाब से ही करें।

कार्नर न्यूज

**प्राइमर चेहरे के तेल को भी कंट्रोल करता है जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है**

# गर्मियों में टिकाऊ होता है ये मेकअप, 15 घंटों तक रहेगा असर; नहीं होगा खराब

गर्मियां शुरू हो चुकी हैं और इस मौसम में लड़कियों और महिलाओं के लिए सबसे बड़ी परेशानी होती है पसीना। जब आपको किसी शादी या पार्टी में जाना हो, तो पसीने की वजह से अच्छे से अच्छा मेकअप भी कुछ ही मिनटों में बहकर चेहरे से उतर जाता है और पूरा लुक खराब कर देता है। ऐसे में एक ऐसा मेकअप लुक है जो गर्मियों में भी टिकाऊ साबित होता है। इसे मोनोक्रोमैटिक मेकअप लुक कहा जाता है। इस लुक पर पसीने का कोई असर नहीं होता और यह मेकअप 15 घंटे से भी ज्यादा टिक सकता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इस लुक में आपकी पूरी स्किन का रंग एक जैसा दिखता है, जिससे मेकअप बहुत नेचुरल लगता है।




### मोनोक्रोमैटिक लुक

मोनोक्रोमैटिक लुक में चेहरे, गर्दन और हाथों की स्किन टोन एक जैसी रखी जाती है, ताकि मेकअप बिल्कुल भी नकली न लगे। चेहरे को सबसे पहले अच्छे से साफ करना चाहिए। फिर एक अच्छा मॉइस्चराइज़र लगाकर स्किन को नमी दी जाती है और उसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल होता है, जिससे मेकअप की पकड़ मज़बूत हो जाती है। प्राइमर चेहरे के तेल को भी कंट्रोल करता है जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है। इसके बाद फाउंडेशन और कंसीलर स्किन टोन से मिलाकर लगाना चाहिए. मेकअप करते समय इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि वह मौसम के अनुसार हो, तभी वह लंबे समय तक चेहरे पर बना रहता है और अच्छा दिखता भी है।

### आंखों के नीचे ब्राइट कलर

आंखों के नीचे ब्राइट कलर इस्तेमाल करने से चेहरा और ज्यादा फ्रेश दिखता है। चेहरे पर हल्का पिंक पाउडर लगाया जाता है जिससे स्किन टोन और मेकअप टोन आपस में अच्छे से मिल जाएं. चुने हुए कलर टोन में ब्लश अप्लाई करना चाहिए और आंखों पर आई शैडो को लिड से बाहर निकालते हुए अच्छे से ब्लेंड करना चाहिए. लोअर लैश लाइन को भी उसी कलर से ब्लेंड कर लें।



### इनर कॉर्नर पर हाईलाइटर का इस्तेमाल

आंखों के इनर कॉर्नर पर हाईलाइटर का इस्तेमाल किया जा सकता है जिससे आंखें चमकदार लगें. अगर आप हैवी लुक चाहती हैं तो मस्कारा जरूर लगाएं. मस्कारा लगाने से पहले आईलैशेज़ को कर्ल कर लेना चाहिए, जिससे आंखें बड़ी और खूबसूरत लगती हैं।

### लिपस्टिक का शेड

मोनोक्रोमैटिक मेकअप में परफेक्ट लुक पाने के लिए चेहरे के सभी हिस्सों को हल्का हाइलाइट करना जरूरी होता है। खासकर चीक्स, आईब्रो और लिप्स के आसपास हल्की कॉन्ट्योरिंग करके उन्हें उभार सकते हैं।इस लुक में लिपस्टिक का शेड, आईशैडो और ब्लश एक जैसे टोन का होना चाहिए. अगर आप बोल्ड लुक चाहती हैं तो मैट या सैटन लिपस्टिक चुनें और अगर नैचुरल लुक चाहिए तो ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करें।